शनिवार, 5 जुलाई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 30 |
| आर्द्रता | 88% |
| सूर्योदय: 4:56 | सूर्यास्त: 18:25 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमटी, सिराज ने छह विकेट लिये पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : आईना बहुत कमजोर होता है, लेकिन सच दिखाने से नहीं घबराता।


**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# आतंकवाद को पनाह नहीं देने के लिए वैश्विक समुदाय को एकजुट होना चाहिए : प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री मोदी को त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया

**पोर्ट ऑफ स्पेन :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को मानवता का दुश्मन करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि वैश्विक समुदाय को इसे पनाह या भी जगह नहीं देने के लिए एकजुट होना चाहिए। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत 'ग्लोबल साउथ' के देशों में वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए एआई(कृत्रिम बुद्धिमत्ता) उपकरण विकसित कर रहा और इस मामले में कैरेबियाई राष्ट्र को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी चुनौतियां हैं और पुरानी संस्थाएं शांति व प्रगति लाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। मोदी ने कहा, ''समय आ गया है कि हम साथ मिलकर काम करें, ताकि 'ग्लोबल साउथ' को मंच पर उसका उचित स्थान मिल सके।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। इसी रेड हाउस (त्रिनिदाद एवं टोबैगो की संसद) ने खुद आतंकवाद के घाव और निर्दोष लोगों के खून को बहते देखा है।'' उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े के लिए कैरेबियाई देश की जनता और सरकार को धन्यवाद दिया। मोदी ने कहा, ''मैं हमारी साझेदारी को एक बड़े वैश्विक ढांचे में भी देखता हूं। दुनिया में तेज और अभूतपूर्व गति से परिवर्तन हो रहा है। राजनीति और सत्ता की प्रकृति में मौलिक बदलाव हो रहे हैं। व्यापार दबाव का सामना कर रहा है। वैश्विक स्तर पर मतभेद, विवाद और असमानताएं बढ़ रही हैं।'' उन्होंने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन, खाद्य, स्वास्थ्य एवं ऊर्जा सुरक्षा की चुनौतियों का सामना कर रही है, और आतंकवाद एक गंभीर खतरा बना हुआ है। उन्होंने वैश्विक संस्थाओं में समय से लंबित सुधारों पर जोर देते हुए कहा, ''ग्लोबल साउथ उभर रहा है। इसमें शामिल देश एक नयी और अधिक निष्पक्ष विश्व व्यवस्था देखना चाहते हैं।'' 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है, जो प्रौद्योगिकी और सामाजिक विकास के मामले में कम विकसित माने जाते हैं। देश मुख्यतः दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित हैं। इसमें अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देश शामिल हैं। मोदी ने कहा, ''जब मैंने (त्रिनिदाद एवं टोबैगो की संसद के) अध्यक्ष की कुर्सी पर 'भारत के लोगों की ओर से त्रिनिदाद और टोबैगो के लोगों के लिए' लिखा देखा, तो यह गहरा भावनात्मक नाता महसूस हुआ। यह कुर्सी महज एक फर्नीचर नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच मित्रता का एक शक्तिशाली प्रतीक है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद टोबैगो के बिहार से जुड़ाव की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए त्रिनिदाद और टोबैगो के बिहार से जुड़ाव की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि बिहार की विरासत भारत और विश्व का है। मोदी ने बृहस्पतिवार को कोउवा के 'नेशनल साइक्लिंग वेलोड्रोम' में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''यहां मौजूद कई लोगों के पूर्वज बिहार से आए थे। बिहार की विरासत न केवल भारत का बल्कि दुनिया का गौरव है।'' उन्होंने कहा कि त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला के पूर्वज बिहार से थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कमला ने राज्य का दौरा भी किया है और भारत में लोग उन्हें ''बिहार की बेटी'' मानते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों के बारे में प्रधानमंत्री मोदी की 'एक्स' पर की गई पोस्ट भी भोजपुरी में थी। भोजपुरी बिहार की एक प्रमुख भाषा है, जो इस कैरेबियाई देश त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय द्वारा भी बोली जाती है। मोदी ने कहा, ''चाहे लोकतंत्र हो, राजनीति हो, कूटनीति हो, उच्च शिक्षा हो...बिहार ने सदियों पहले ऐसे अनेक विषयों में दुनिया को नयी दिशा दिखाई थी।''

## हममें ईश्वर न देखें, न्याय में ईश्वर को देखें: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक वकील के बयान पर कहा कि ''हममें ईश्वर न देखें, न्याय में ईश्वर को देखें''। वकील ने कहा था कि वह न्यायाधीशों में भगवान देखते हैं। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने उत्तर प्रदेश के एक मंदिर से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इस प्रकरण में उपस्थित एक वकील ने मामले से मुक्त करने का आग्रह करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल उनकी बात नहीं सुन रहा है। वकील ने दावा किया कि उन्हें अपने मुवक्किल से एक नोटिस मिला है जिसमें आरोप लगाया गया है कि ''वकीलों के माध्यम से न्यायाधीशों से सांठगांठ की जा रही है''। इसे ''बहुत अपमानजनक'' करार देकर वकील ने दुख जताते हुए कहा, ''अगर हमें लगता है कि कोई बेईमानी हो रही है तो हम मामले से हट जाते हैं। हम अपने न्यायाधीशों में ईश्वर को देखते हैं।'' हालांकि, न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, ''हममें ईश्वर को मत देखिए। कृपया न्याय में ईश्वर को देखिए।'' पीठ ने अनुरोध स्वीकार कर लिया और वकील को मामले से मुक्त कर दिया।

# स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ममता ने दी श्रद्धांजलि, कहा...

## 'मानवधर्म ही सबसे बड़ा धर्म'



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक महान सन्यासी ही नहीं, बल्कि एक सच्चे देशभक्त भी थे, जिनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस समय थे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि स्वामीजी ने विश्व बंधुत्व और शांति का जो संदेश दिया था, वह आज के दौर में भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जिस हिन्दू धर्म में विश्वास रखते थे, उसी में उनका भी विश्वास है और वह धर्म यही सिखाता है कि मानवधर्म ही सबसे बड़ा धर्म है। ममता बनर्जी ने लिखा कि वह जीवनभर स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि स्वरूप कार्य करती रही हैं। उन्होंने बताया कि स्वामीजी का पैतृक आवास और भगिनी निवेदिता के दोनों आवास एक बागबाजार में और दूसरा दार्जिलिंग में रामकृष्ण मिशन और रामकृष्ण सारदा मिशन को सौंपे जाने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत प्रयास किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि स्वामीजी के घर स्थित संग्रहालय के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रतिवर्ष एक अनुदान दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में विवेकानंद के आदर्शों और दर्शन पर आधारित 'विवेक तीर्थ' नामक एक शैक्षणिक और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए ज़मीन और निर्माण की कुछ लागत राज्य सरकार ने वहन की है। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर 'विवेक चेतना उत्सव' की शुरुआत की गई है, जो पूरे राज्य में आयोजित होता है, ताकि नई पीढ़ी तक उनके विचारों को पहुंचाया जा सके। इसके अलावा, युवाओं के लिए 'स्वामी विवेकानंद मेरिट-कम-मीन्स स्कॉलरशिप' जैसी कई सरकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। इतना ही नहीं, कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम का नाम बदलकर 'विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन' भी रखा गया है। अंत में, मुख्यमंत्री ने लिखा कि ये तमाम पहल स्वामी विवेकानंद के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना से प्रेरित हैं।

## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी को देखना रोमांचक है: शुभांशु शुक्ला



**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने 'आम रस', 'गाजर का हलवा', 'मूंग दाल का हलवा' और अन्य देशों के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत 26 जून को आईएसएस पर पहुंचे थे। उन्होंने अंतरिक्ष स्टेशन पर एक सप्ताह पूरा कर लिया और एक दिन का अवकाश लिया, जिसे उन्होंने धरती पर अपने परिवार और दोस्तों के साथ बातचीत कर बिताया। एक्सिओम-4 (एक्स-4) चालक दल में शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। उन्होंने 3 जुलाई तक पृथ्वी की 113 परिक्रमाएं कीं, जिसके तहत 40.66 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई। यह पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी का लगभग 12 गुना है। शुक्ला ने 'एचएएम' रेडियो कनेक्शन पर बेंगलुरु स्थित यूआरएससी (यू आर राव उपग्रह केंद्र) के वैज्ञानिकों के साथ संक्षिप्त बातचीत में कहा, ''यह एक अच्छा क्षण था। हमें विभिन्न देशों से भोजन मिला और हमने इसे सभी सदस्यों के साथ साझा किया।'' बृहस्पतिवार को शुक्ला अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक रहने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए। उन्होंने राकेश शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1984 में सोवियत इंटरकॉस्मोस कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष में सात दिन, 21 घंटे और 40 मिनट बिताए थे। बृहस्पतिवार तक शुक्ला ने अंतरिक्ष में नौ दिन बिताए हैं। उन्होंने कहा कि मिशन का सबसे रोमांचक हिस्सा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी को देखना था। शुक्ला ने कहा कि विभिन्न देशों के लोगों के साथ काम करना भी एक रोमांचक अनुभव रहा। फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के अपने अनुभव को साझा करते हुए, शुक्ला ने कहा, ''रॉकेट लॉन्च बहुत गतिशील था, यह बहुत तेज था। जैसे-जैसे आप ऊपर की ओर जाते हैं, आप तेजी से आगे बढ़ते हैं और त्वरण (वस्तु के वेग में परिवर्तन की दर) काफी अधिक थी।''

## जयशंकर एससीओ की बैठक में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए 13 जुलाई के आसपास चीन का दौरा करेंगे। उनकी यात्रा के कार्यक्रम से अवगत व्यक्तियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आने के बाद, जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा होगी। बताया जा रहा है कि विदेश मंत्री 14 और 15 जुलाई को आयोजित होने वाले एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए तियानजिन जाने से पहले अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ वार्ता करने को लेकर बीजिंग की यात्रा करेंगे। जयशंकर की यह यात्रा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीनी शहर चिंगदाओ की यात्रा के कुछ ही हफ्तों बाद हो रही है। चीन एससीओ का वर्तमान अध्यक्ष है और वह समूह की बैठकों की मेजबानी कर रहा है। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ था और उस वर्ष जून में गलवान घाटी में हुई झड़प के परिणामस्वरूप दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था।

# सब लेफ्टिनेंट पूनिया नौसेना विमानन की लड़ाकू शाखा में शामिल होने वाली पहली महिला बनीं



**नयी दिल्ली :** सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया नौसेना विमानन की लड़ाकू शाखा में शामिल होने वाली पहली महिला बन गई हैं, जिससे बल में महिला लड़ाकू पायलट के एक नये युग का मार्ग प्रशस्त होगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पूनिया अब लड़ाकू पायलट के रूप में योग्यता प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण लेंगी। भारतीय नौसेना ने विशाखापत्तनम के आईएनएस डेगा में दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के समापन का जश्न मनाया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सहायक नौसेनाध्यक्ष (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने तीन जुलाई को विंगिंग समारोह में लेफ्टिनेंट अतुल कुमार ढल और सब लेफ्टिनेंट पूनिया को प्रतिष्ठित 'विंग्स ऑफ गोल्ड' प्रदान किया। बयान के मुताबिक, सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया सभी बाधाओं को तोड़ते हुए और नौसेना में महिला लड़ाकू पायलट के एक नये युग का मार्ग प्रशस्त करते हुए नौसेना विमानन की लड़ाकू शाखा में शामिल होने वाली पहली महिला बन गई हैं। बयान में कहा गया है कि भारतीय नौसेना समुद्री टोही (एमआर) विमानों और हेलीकॉप्टर में पायलट और नौसेना वायु संचालन अधिकारियों के रूप में महिला अधिकारियों को पहले ही शामिल कर चुकी है। इसमें कहा गया है कि सब लेफ्टिनेंट पूनिया को लड़ाकू शाखा में शामिल करना नौसेना विमानन में लैंगिक समावेशिता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और समानता एवं अवसर की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

**कसबा सामूहिक दुष्कर्म**

## पुलिस क्राइम सीन किया री-क्रिएट, कॉलेज मे मौजूद रहे चारों आरोपी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा स्थित लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने क्राइम सीन को री-कांन्स्ट्रक्शन किया। मामले के मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा की मौजूदगी में कॉलेज के अंदर पांच घंटे तक पुलिस टीम मौजूद रही। इस दौरान, पूरे क्राइम को क्रिएट किया गया। कोलकाता में 27 जून को लॉ कॉलेज के अंदर छात्रा से गैंगरेप हुआ था। इसके बाद पुलिस ने मनोजीत मिश्रा के साथ दो अन्य के अरेस्ट किया था। बाद में पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड को पकड़ा था। इसके बाद मनोजीत मिश्रा की कुंडली सामने आई थी। इसमे सामने आया था कि मनोजीत मिश्रा ने कॉलेज को ही शराब का अड्डा बना लिया था। पुलिस ने जब कोलकाता के लॉ कॉलेज में क्राइम सीन को री-क्रिएट किया तो चारों आरोपी मौके पर मौजूद रहे। इनमें कॉलेज के पूर्व छात्र और संविदा कर्मचारी मनोजीत मिश्रा, वर्तमान छात्र प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद और सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी शामिल हैं। पुलिस ने क्राइम सीन का री-कंस्ट्रक्शन सुबह करीब 4.30 बजे कस्बा इलाके मे स्थित कॉलेज में किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्राइम सीन का री-क्रिएशन जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जांच में सामने आए निष्कर्षों की अब महिला के आरोपों से जांच की जाएगी। इसके साथ अन्य सबूतों से पुष्टि की जाएगी। सामूहिक दुष्कर्म मामले में गिरफ्तार किए गए गार्ड को पुलिस ने गवाह बना लिया है। ऐसे में मनोजीत मिश्रा की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

## हम धर्मनिरपेक्ष, कांग्रेस सबसे बड़ी सांप्रदायिक पार्टी : रीजीजू



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कांग्रेस पर मुसलमानों को वोटबैंक बनाए रखने के लिए उनकी गरीबी दूर न करने तथा गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि असल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धर्मनिरपेक्ष है और मुख्य विपक्षी दल तथा उसकी सहयोगी पार्टियां सबसे बड़े सांप्रदायिक हैं। उन्होंने हज समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि वोटबैंक बनने से मुसलमानों को नुकसान हुआ और कांग्रेस को इसका राजनीतिक फायदा हुआ। रीजीजू ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों के हमले पर पलटवार करते हुए कहा कि लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में छह अल्पसंख्यक समुदाय हैं और कांग्रेस उन्हें बार बार-बार डराने तथा गुमराह करने की कोशिश नहीं करे।'' उनका कहना था, ''यहां किसी को कोई दिक्कत नहीं है। अल्पसंख्यकों को वही सुविधा मिलती है जो हिंदुओं को मिलती है। अल्पसंख्यकों को अतिरिक्त संरक्षण मिलता है। दुनिया का कोई देश अल्पसंख्यकों को इतनी सुविधा नहीं देता है। राजनीतिक लाभ उठाने के लिए राजनीतिक खेल खेला जा रहा है जो ठीक नही है।'' रीजीजू ने कहा, ''मुसलमानों को वोटबैंक बनाकर 75 साल से ज्यादा समय तक जो किया गया है वह बंद होना चाहिए। इसमें नुकसान मुसलमानों का है, फायदा कांग्रेस का होता है।'' उन्होंने दावा किया, ''मुसलमानों को गरीब कांग्रेस ने बनाया है। अब मुसलमानों की और तौहीन नहीं होनी चाहिए।

## केंद्र ने वक्फ संपत्तियों के पोर्टल, डेटाबेस, ऑडिट पर नियम अधिसूचित किये

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता विकास नियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है जो वक्फ संपत्तियों के पोर्टल और डेटाबेस, उनके पंजीकरण के तरीके, ऑडिट कराने और खातों के रखरखाव जैसे मुद्दों से संबंधित हैं। इन नियमों को 1995 के अधिनियम की धारा 108 बी के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए बृहस्पतिवार अधिसूचित किया गया, जिसे वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के माध्यम से शामिल किया गया था। यह कानून आठ अप्रैल 2025 से प्रभावी हुआ। नियमों के अनुसार, वक्फ का ब्यौरा दाखिल करने, 'औकाफ' (वक्फ) की सूची अपलोड करने, नये वक्फ का पंजीकरण करने, औकाफ के रजिस्टर के रखरखाव और के मुतवल्ली के खातों के रखरखाव और प्रस्तुत करने, ऑडिट रिपोर्ट के प्रकाशन और अधिनियम की धारा 48 के तहत कार्यवाही और ऑर्डर बोर्ड के प्रयोजनों के लिए एक पोर्टल और डेटाबेस स्थापित किया गया है।

# भारत ने अमेरिका को दी बड़ी चुनौती, बोला- हम भी बढ़ाएंगे

### भारत ने डब्ल्यूटीओ में वाहन शुल्क को लेकर अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा

**नयी दिल्ली :** भारत ने शुक्रवार को डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के मानदंडों के तहत अमेरिका के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा। अमेरिका ने उपायों के नाम पर वाहन क्षेत्र पर शुल्क लगाए थे, जिसके जवाब में उक्त प्रस्ताव रखा गया। भारत के अनुरोध पर जारी डब्ल्यूटीओ की अधिसूचना के अनुसार, ''रियायतों या अन्य दायित्वों के प्रस्तावित निलंबन का रूप अमेरिका में उत्पादित चुनिंदा उत्पादों पर शुल्क में वृद्धि के रूप में भारत ने डब्ल्यूटीओ के माल व्यापार परिषद को संगठन के कुछ प्रावधानों के तहत रियायतों और अन्य दायित्वों के अपने प्रस्तावित निलंबन के बारे में अधिसूचित किया है। इसमें कहा गया, ''यह अधिसूचना भारत से वाहन कलपुर्जे के आयात पर अमेरिका के सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के में की गई है।''

अमेरिका ने इस साल 26 मार्च को यात्री वाहनों और हल्के ट्रकों तथा भारत से कुछ वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क वृद्धि के रूप में सुरक्षा उपाय अपनाया था। ये उपाय वाहन कलपुर्जों के संबंध में तीन मई, 2025 से अवधि के लिए लागू होंगे। अमेरिका ने इन उपायों को डब्ल्यूटीओ को अधिसूचित नहीं किया है, लेकिन ये मुख्य रूप से सुरक्षा उपाय हैं। भारत ने कहा कि अमेरिका के उपाय गैट (व्यापार और शुल्क पर सामान्य समझौता) 1994 तथा सुरक्षा उपायों पर समझौते के अनुरूप नहीं हैं। बयान में कहा गया कि चूंकि इन शुल्क पर भारत से परामर्श नहीं हुआ है, इसलिए देश रियायतों या अन्य दायित्वों को निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

# नेशनल हेराल्ड: सोनिया गांधी ने अदालत में ईडी के मामले को 'बहुत ही अजीब' बताया



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का नेशनल हेराल्ड मामला ''वास्तव में अजीब'' है। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू द्वारा तीन जुलाई को मामले में दायर आरोपपत्र के संज्ञान के बिंदु पर अपनी दलीलें पूरी किए जाने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने आज अपनी बात शुरू की। सिंघवी ने कहा, ''यह वास्तव में एक अजीब मामला है। अजीब से भी अधिक। अभूतपूर्व। यह बिना किसी संपत्ति, बिना किसी उपयोग या संपत्ति प्रयोजन के, धनशोधन का एक कथित मामला है। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से यंग इंडियन को एक इंच भी संपत्ति नहीं मिली। किसी भी कांग्रेस नेता को कोई संपत्ति या पैसा नहीं मिला। फिर भी इसे धनशोधन कहा जाता है।'' ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के अलावा सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और निजी कंपनी यंग इंडियन पर नेशनल हेराल्ड अखबार प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण को लेकर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है।




## चालक व यात्रियों के हित में संतुलनकारी पहल

समय की जरूरत और नई पीढ़ी के रुझान के मद्देनजर पिछले कुछ वर्षों में देश में कैब सेवाओं का आधार व्यापक हुआ है। कैब सेवाएं उपलब्ध कराने वाली देशी-विदेशी कंपनियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा ने इस क्षेत्र को आशातीत विस्तार दिया है। लेकिन साथ ही चालकों के हित संरक्षण और उपयोगकर्ताओं के हितों के नियमन की आवश्यकता भी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इन सवारी सेवाओं पर लागू होने वाले नये दिशा-निर्देशों का मकसद कैब एग्रीगेटर्स को अधिक अवसर प्रदान करना, ड्राइवरों के कल्याण को सुनिश्चित करना और उपयोगकर्ताओं के हितों की रक्षा के बीच संतुलन बनाना है। सरकार ने उबर,ओला,इन-ड्राइव और रैपिडो जैसे एग्रीगेटर्स को पीक ऑवर्स के दौरान बेस किराए से दुगना तक चार्ज करने की अनुमति दी है। उल्लेखनीय है कि पहले यह बेस किराए से डेढ़ गुना अधिक था। जिसे सेवाओं में दबाव की स्थिति में किराये की तेजी के रूप में दर्शाया जाता था। इसके साथ ही, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025 में गैर-पीक ऑवर्स के शुल्क को बेस किराए से पचास प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है। दरअसल, यह कदम ये सुनिश्चित करने के लिये है कि पीक ऑवर्स के दौरान यात्रियों पर बोझ न पड़े और एग्रीगेटर्स अन्य समय में भारी छूट के माध्यम से प्रतिस्पर्धा को कम न करे। केंद्र सरकार के अनुसार, वर्ष 2020 के दिशा-निर्देशों के संशोधित संस्करण के नए मानदंड उपयोगकर्ता की सुरक्षा और चालक के कल्याण के मुद्दों पर ध्यान देते हुए एक हल्की-फुल्की नियामक प्रणाली प्रदान करने का एक प्रयास है। इसमें शामिल अन्य प्रावधानों के अनुसार एग्रीगेटर्स को वाहन की लोकेशन और ट्रैकिंग डिवाइस लगानी होगी। इसका मकसद यात्रा करने वाले लोगों को सुरक्षा प्रदान करना भी है। ट्रैकिंग डिवाइस लगाने का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें वाहन की स्थिति की जानकारी मिलती रहे। जिसका राज्य सरकारों के एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर से जुड़ा रहना भी जरूरी है। निश्चय ही यह महिला सवारियों की सुरक्षा के मद्देनजर अपरिहार्य कदम है।

इसके अलावा ड्राइवरों के हितों का भी ध्यान रखा गया है। उनके लिये बेहतर कमाई का प्रतिशत अनिवार्य किया गया है। उनके पास क्रमश: कम से कम पांच लाख और दस लाख रुपये का स्वास्थ्य और टर्म बीमा होना चाहिए। केंद्र सरकार के इस हालिया प्रयास ने राज्यों के लिये बाइक टैक्सियों को अनुमति देने का रास्ता भी खोल दिया है। निस्संदेह, ये प्रयास जहां अधिक राजस्व पैदा करने का जरिया बन सकता है, वहीं रोजगार सृजनकर्ता भी साबित हो सकता है। देश में जिस तरह बेरोजगारी की समस्या है, उसमें रोजगार के नये क्षेत्र पैदा करना वक्त की जरूरत है। यदि चालकों के लिये बेहतर कार्य परिस्थितियां और सम्मानजनक आय की व्यवस्था हो पाती है तो कई बेरोजगार इस दिशा में पहल कर सकते हैं। लेकिन जरूरी है कि एग्रीगेटर चालकों के साथ मनमानी न कर सकें। हर छोटे-बड़े व्यक्ति को आत्मसम्मान के साथ जीविका उपार्जन का अधिकार है। किसी भी काम को हेय दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। कई छात्र बेहतर कैरियर की चाह में अपनी पढ़ाई के खर्च के लिये पार्ट टाइम कार व बाइक टैक्सियां चलाते हैं। उन वाहनों में सफर करने वाले यात्रियों को भी इनके साथ सम्मानजनक ढंग से पेश आना चाहिए। उनके जीवन संघर्ष को हमें संबल देना चाहिए। नये प्रावधानों में राज्य सरकारों को सभी वाहनों, यहां तक कि ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सियों के लिये भी आधार किराया अधिसूचित करना होगा। उन्हें अगले तीन महीने के भीतर नये मानदंडों को अपनाने की सलाह दी गई है। निश्चित रूप से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025 मौजूदा वक्त की जरूरतों के अनुरूप ही हैं। जो एक ओर कैब चालकों के हितों की रक्षा करते हैं, वहीं यात्रा करने वालों की सुरक्षा व आर्थिक हितों को भी संरक्षण प्रदान करते हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नये प्रावधानों के नियमन के लिये कितनी पारदर्शी व्यवस्था बनायी जाती है। निश्चित रूप से कानून बनाने से महत्वपूर्ण यह भी है कि उनके क्रियान्वयन में सजगता व सतर्कता सुनिश्चित की जाए।

# बिहार चुनाव से चर्चा में आए एनआरसी और नागरिकता के मुद्दे



राजेश माहेश्वरी

केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले छह राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा के बाद बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पूरे देश में एनआरसी जैसी प्रक्रिया लागू करने की तैयारी हो रही है। उन्होंने इसे देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक और अलार्मिंग करार दिया। ममता ने कहा कि यह फिलहाल बिहार में लागू किया गया है, लेकिन साफ है कि इसे देश के हर राज्य में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके पीछे असली निशाना बंगाल है, क्योंकि वे (भाजपा) प्रवासी मजदूरों और गरीब वोटरों से डरते हैं।

विपक्ष चिल्ल-पौं कर रहा है कि उसके वोट बैंक के कई नाम सूचियों से काटे जा सकते हैं और भाजपा-समर्थक नाम जोड़े जा सकते हैं। क्या चुनाव आयोग इतनी घालमेल कर सकता है कि भाजपा की ही सरकार बने, तो देश के कई राज्यों में कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, झामुमो और वामदलों की सरकारें क्यों और किस आधार पर हैं? ये जवाब विपक्ष नहीं देगा। मालूम हो कि चुनाव आयोग बिहार व बंगाल समेत छह राज्यों में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान शुरू करने जा रही है। इसका उद्देश्य अवैध विदेशी नागरिकों को वोटर लिस्ट से हटाकर एक सटीक और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करना है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यह प्रक्रिया बिहार से शुरू की जा रही है।

संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को मतदान कराने से पूर्व मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण और संशोधन के विशेषाधिकार प्राप्त हैं। यह कवायद हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले की जाती रही है। विपक्ष की कुछ दलीलें सार्थक हैं कि आयोग बिहार में 2003 के बाद बने मतदाताओं के सत्यापन करना चाहता है और यह संख्या करीब 5 करोड़ है, क्या यह कवायद मात्र 25 दिन में पूरी की जा सकती है? इसे नागरिकता की पात्रता का भी साक्ष्य माना गया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम है। एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाते हुए एक्स पर लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमआईएम नेता-सांसद ओवैसी के आरोप हैं कि भारत सरकार चोरी-छिपे राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करना चाहती है, नतीजतन मुसलमानों की एक अवांछित आबादी की नागरिकता रद्द की जा सकेगी। ममता बनर्जी ने बंगाल में एनआरसी लागू नहीं करने की घोषणा भी की है। नागरिकता का यह विवादित मुद्दा पुराना है। सर्वोच्च अदालत की निगरानी में असम और पूर्वोत्तर के कुछ अन्य राज्यों में, प्रयोग के स्तर पर, एनआरसी की कवायद की गई थी। दरअसल यह न तो असंवैधानिक अभियान है और न ही मुसलमानों की नागरिकता रद्द की जा रही है।

किसी भी सरकार को नागरिकता छीनने का अधिकार नहीं है। यह सर्वोच्च अदालत के स्तर पर कई बार दोहराया जा चुका है। गौरतलब यह भी है कि भारत सरकार ने एनआरसी का निर्णय अभी तक नहीं लिया है। फिलहाल जनगणना और जातीय गणना के विराट अभियान सामने हैं, जिन्हें मार्च-अप्रैल, 2027 तक पूरा करने के लक्ष्य तय किए गए हैं। वैसे एनआरसी जनगणना का ही एक प्रारूप है। यदि जनगणना पर आपत्ति नहीं है, तो एनआरसी पर चीखा-चिल्ली क्यों मचाई जा रही है?

दरअसल हमारा विषय यह है कि एक औसत भारतीय की 'नागरिकता' के तय मानक क्या हैं? यह देश अधिकतर गांवों, पिछड़े इलाकों और बाढ़-बारिश से ग्रस्त क्षेत्रों में बसने को बाध्य है। 'नागरिकता' के लिए कई दस्तावेज अपेक्षित हैं, जिन्हें पेश करना मुश्किल है। उन संदर्भों में अहम सवाल है कि 'आधार कार्ड' नागरिकता का पात्र, मानक आधार क्यों नहीं है?

जनवरी, 2009 में तत्कालीन मनमोहन सरकार ने 'भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण' का गठन किया था और 'इंफोसिस' के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि को उसका प्रथम अध्यक्ष बनाया गया था। 'आधार कार्ड' सितंबर, 2010 में लागू हो गया। आज देश के 125 करोड़ से अधिक लोगों के पास आधार कार्ड है। उसमें नाम, पिता का नाम, जन्म-तिथि, पता और व्यक्ति के बॉयोमीट्रिक चिह्न आदि सब कुछ दर्ज हैं।

प्राधिकरण के नाम में भी 'पहचान' शब्द जुड़ा है। आज आयकर रिटर्न, बैंक खाते के संचालन, सरकार की विशेष सामाजिक सुरक्षा वाली योजनाओं का लाभ, बच्चों का स्कूल में दाखिला, म्यूचुअल फंड्स अथवा शेयर बाजार में निवेश करने, सिम कार्ड खरीदने, नौकरी में प्रवेश करते समय 'आधार कार्ड' का प्रस्तुतीकरण अनिवार्य है। सरकार ने 'पैन कार्ड' और बैंक खातों को आधार से अनिवार्य तौर पर लिंक करा दिया है। अब 'मतदाता पहचान पत्र' को भी आधार कार्ड से जोड़ने पर विचार किया जा रहा है। यदि आधार कार्ड इतना महत्वपूर्ण और प्रामाणिक दस्तावेज है, तो उसके आधार पर किसी की नागरिकता तय करने में क्या दुविधा है? 'मतदाता कार्ड' भी अत्यंत मौलिक, साक्ष्य वाला दस्तावेज है। उसे नागरिकता का आधार मानक क्यों नहीं माना गया है?

सरकार दलीलें देती रही है कि आधार कार्ड और मतदाता कार्ड एक निश्चित गिरोह द्वारा फर्जी बनाए जाते रहे हैं। यह सरकार की ही नाकामी है। फर्जी और नकली तो पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड भी बन रहे हैं। नकली पहचान बना कर आतंकवादी संसद भवन में घुस गए थे। सरकार इन नकलबाजों को क्यों नहीं रोक पाई है? यह सरकार के लिए गंभीर चुनौती भी है। देश में करोड़ों घुसपैठिया बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमान व्याप्त हैं, दशकों से सक्रिय हैं, उनके पास फर्जी कार्ड भी होंगे, वे वोट बैंक भी हैं, कमोबेश भाजपा-एनडीए सरकार उन्हें देश से बाहर क्यों नहीं कर पाई?

बहरहाल किस्तों में ये अभियान जरूर दिखाई देते हैं। सरकार ने जिन दस्तावेजों को नागरिकता के आधार के तौर पर स्वीकार किया है, वे प्रवासी नौकरी-मजदूरी करने वालों के लिए मुश्किल हो सकते हैं। जन्म प्रमाणपत्र स्कूल-कॉलेज तक तो मिल सकते हैं, उसके बाद कामकाजी जिंदगी शुरू होती है, ऐसे प्रमाणपत्र कौन लेकर चलता है? माता-पिता के जन्म प्रमाणपत्र कहां से लाएं? मूल निवास छोड़ कर व्यक्ति दिल्ली या किसी अन्य महानगर में काम कर रहा है, मूल निवास पर माता-पिता भी दिवंगत हो चुके हैं, तो वह प्रमाणपत्र कहां से पेश किया जा सकता है? 'आधार कार्ड' प्रामाणिक दस्तावेज लगता है। उसे मान्यता क्यों नहीं?

-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# अखिलेश की बदलती राजनीति, सावन में काशी से हिंदुत्व का दांव



संजय सक्सेना

2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधान-सभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव हर हाल में सत्ता में वापसी की जुगत में जुटे हैं। उत्तर प्रदेश की सियासत में सपा का आधार लंबे समय तक मुलायम सिंह यादव द्वारा स्थापित मुस्लिम-यादव (एम-वाई) समीकरण रहा है। इस समीकरण के सहारे मुलायम सिंह तीन बार और अखिलेश यादव एक बार मुख्यमंत्री बनने में सफल रहे। लेकिन 2014 के बाद से उत्तर प्रदेश की राजनीति में आए बदलाव ने सपा के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने हिंदुत्व की छतरी तले विभिन्न हिंदू जातियों को एकजुट करने में सफलता हासिल की है, जिसने सपा की परंपरागत रणनीति को कमजोर कर दिया है। अखिलेश यादव अब इस बदले सियासी परिदृश्य में अपनी पार्टी की छवि को नया रूप देने और व्यापक सामाजिक समर्थन हासिल करने की कोशिश में हैं। इसी कड़ी में सावन के पहले सोमवार, 14 जुलाई 2025 को, वे काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे हैं, जिसे सियासी हलकों में सॉफ्ट हिंदुत्व के दांव के रूप में देखा जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में सपा की राजनीति का आधार लंबे समय तक मुस्लिम और यादव वोटर रहे हैं। लेकिन बीजेपी ने सपा पर यादववाद और मुस्लिम तुष्टिकरण की छवि गढ़ने में सफलता हासिल की है, जिससे सपा का वोट आधार सीमित होता गया। अखिलेश यादव को इस बात का अहसास हो चुका है कि केवल एम-वाई समीकरण के सहारे बीजेपी को हराना अब संभव नहीं है। यही वजह है कि वे अपनी पार्टी की छवि को बदलने और व्यापक सामाजिक समर्थन हासिल करने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले के जरिए बीजेपी को कड़ी टक्कर दी थी। इस रणनीति ने सपा को कुछ हद तक सफलता दिलाई, लेकिन बीजेपी ने इसके बाद फिर से सपा के खिलाफ सियासी तानाबाना बुनना शुरू कर दिया है। ऐसे में अखिलेश अब सॉफ्ट हिंदुत्व के रास्ते पर चलते हुए सनातन धर्म के प्रतीकों को अपनाने की कोशिश कर रहे हैं।

सावन का महीना, जो 11 जुलाई 2025 से शुरू हो रहा है, धार्मिक दृष्टिकोण से उत्तर भारत में खास महत्व रखता है। इस दौरान लाखों भक्त हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं और भगवान शिव के मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। काशी, जो भगवान शिव की नगरी के रूप में जानी जाती है, सावन में भक्तों के लिए एक प्रमुख तीर्थस्थल बन जाती है। खासकर सावन के सोमवार को बाबा विश्वनाथ मंदिर में भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार सावन के पहले सोमवार को अखिलेश यादव काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे हैं। उनके साथ देशभर से लगभग 50 हजार यादव बंधु भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह आयोजन चंद्रवंशी गोप समिति के बैनर तले हो रहा है, जिसके प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में लखनऊ में अखिलेश से मुलाकात कर उन्हें इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने का न्योता दिया था।

काशी में सावन के पहले सोमवार को यादव समुदाय की ओर से जलाभिषेक की परंपरा 1952 से चली आ रही है। इसकी शुरुआत स्व. तेजू सरदार ने की थी। हर साल यादव बंधु गौरी केदारेश्वर, तिलभांडेश्वर, और फिर दशाश्वमेध घाट से गंगा जल लेकर बाबा विश्वनाथ को अर्पित करते हैं। इसके बाद मृत्युंजय महादेव, त्रिलोचन महादेव और काल भैरव के दर्शन कर यह यात्रा पूरी होती है। इस बार अखिलेश यादव के इस आयोजन में शामिल होने को सियासी हलकों में व्यापक रूप से चर्चा का विषय माना जा रहा है। यह कदम न केवल उनकी धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि सपा की छवि को मुस्लिम परस्ती से बाहर निकालने और सनातन धर्म के अनुयायियों के बीच स्वीकार्यता बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा भी है।

अखिलेश यादव की यह रणनीति उनकी पार्टी को मुलायम सिंह यादव के दौर की छवि से बाहर निकालने की कोशिश का हिस्सा है। मुलायम सिंह ने सपा की नींव मुस्लिम और यादव वोटों के आधार पर रखी थी, लेकिन बदले सियासी हालात में यह समीकरण अब पर्याप्त नहीं है। बीजेपी ने हिंदुत्व के एजेंडे को केंद्र में रखकर विभिन्न हिंदू जातियों को एकजुट करने में सफलता हासिल की है। सपा पर लगातार यादववाद और मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोपों ने अखिलेश के लिए सत्ता में वापसी की राह को और मुश्किल बना दिया है। खासकर, ब्राह्मण और ठाकुर समुदायों के बीच सपा के प्रति नाराजगी बढ़ी है, क्योंकि अखिलेश के कुछ बयानों को इन समुदायों के खिलाफ माना गया है। ऐसे में, काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक का यह कदम सनातन धर्म को मानने वाले व्यापक समुदाय के बीच सपा की स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में एक प्रयास है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2014 के बाद से देश की सियासत में हिंदुत्व का प्रभाव बढ़ा है। बीजेपी ने हिंदू मतदाताओं को एकजुट करने में सफलता हासिल की है, जिसने विपक्षी दलों को भी धार्मिक प्रतीकों और सॉफ्ट हिंदुत्व की राजनीति अपनाने के लिए मजबूर कर दिया है। अखिलेश यादव का काशी दौरा इसी बदलते सियासी परिदृश्य का हिस्सा है। वे न केवल अपने परंपरागत यादव वोट बैंक को मजबूत करना चाहते हैं, बल्कि अन्य हिंदू समुदायों, खासकर सनातन धर्म को एकजुट देखने वालों का समर्थन भी हासिल करना चाहते हैं। हालांकि, बीजेपी की पिच पर उतरकर मुकाबला करना सपा के लिए आसान नहीं है। बीजेपी ने हिंदू समुदाय को अपना मजबूत वोट बैंक बना लिया है, और सपा का सॉफ्ट हिंदुत्व का दांव कितना कारगर होगा, यह आने वाला समय ही बताएगा।

इसके साथ ही, अखिलेश यादव सामाजिक न्याय के एजेंडे को भी मजबूत करने की कोशिश में हैं। मुस्लिम समुदाय से जुड़े मुद्दों पर मुखर होने के बजाय, वे अब सामाजिक समावेशिता और पीडीए फॉर्मूले पर जोर दे रहे हैं। काशी में जलाभिषेक का यह कदम न केवल धार्मिक, बल्कि सियासी दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। यह सपा को बीजेपी के हिंदुत्व के नैरेटिव का जवाब देने और व्यापक हिंदू समुदाय के बीच अपनी स्वीकार्यता बढ़ाने का मौका देता है। हालांकि, इस रणनीति की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि अखिलेश यादव कितनी कुशलता से अपनी पार्टी की पुरानी छवि को बदल पाते हैं और बीजेपी के सियासी ताने-बाने का जवाब दे पाते हैं।

कुल मिलाकर, अखिलेश यादव का सावन के पहले सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक करना एक सोची-समझी सियासी रणनीति का हिस्सा है। यह कदम उनकी बदलती राजनीति को दर्शाता है, जहां वे परंपरागत एम-वाई समीकरण से आगे बढ़कर सनातन धर्म के प्रतीकों को अपनाने और व्यापक सामाजिक समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले यह रणनीति कितनी कारगर होगी, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन इतना तय है कि अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश की सियासत में नए रंग भरने की कोशिश में जुटे हैं।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### गाजा : इजराइली हमले में 35 लोग मारे गए

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी) :** गाजा में शुक्रवार को तड़के इजराइली हवाई हमलों में 15 फलस्तीनी मारे गए, वहीं राहत सामग्री के लिए इंतजार कर रहे 20 अन्य लोगों की भी गोलीबारी में मौत हो गई। मृतकों के शवों को जिस अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है उसने 'एपी' को यह जानकारी दी। इजराइली हवाई हमलों में मारे गए 15 लोगों में आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। नासेर अस्पताल के अनुसार, राहत सामग्री के लिए इंतजार करते समय 20 अन्य लोगों को गोली मार दी गई। गोलीबारी में जान गंवाने वाले लोगों में से दो लोग राफा स्थित राहत सामग्री वितरण स्थल के पास मारे गए जबकि 18 लोग अन्य स्थान पर तब मारे गए जब वे दक्षिणी गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। ये घटनाएं ऐसे समय हुई हैं जब 21 महीने से चल रहे युद्ध को रोकने के प्रयास आगे बढ़ते दिख रहे हैं।

### दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर रीजीजू की टिप्पणी पर चीन ने जताई आपत्ति

**बीजिंग :** चीन ने शुक्रवार को अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू की इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई कि दलाई लामा को अपनी इच्छानुसार उत्तराधिकारी का चुनाव करना चाहिए। चीन ने भारत से तिब्बत से संबंधित मुद्दों पर सावधानी से काम करने का आह्वान किया, ताकि द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर इसका प्रभाव न पड़े। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने रीजीजू की टिप्पणियों को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए यहां प्रेस वार्ता में कहा कि भारत को 14वें दलाई लामा की चीन विरोधी अलगाववादी प्रकृति के प्रति स्पष्ट होना चाहिए और 'शिजांग' (तिब्बत) से संबंधित मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए। चीन तिब्बत का उल्लेख 'शिजांग' के नाम से करता है। माओ ने कहा कि भारत को अपने शब्दों और कार्यों में सावधानी बरतनी चाहिए, शिजांग से संबंधित मुद्दों पर चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद करना चाहिए और चीन-भारत संबंधों के सुधार और विकास को प्रभावित करने वाले मुद्दों से बचना चाहिए।

### पाकिस्तान, रूस ने सुदृढ़ रेल और सड़क नेटवर्क बनाने के लिए सहयोग करने पर सहमति जताई

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान और रूस ने एक सुदृढ़ रेल और सड़क नेटवर्क बनाने के लिए सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की है। एक खबर के अनुसार पाकिस्तान को मध्य एशिया और रूस से जोड़ने के लिए एक सुदृढ़ रेल और सड़क संपर्क स्थापित करने पर यह सहमति जताई गई है। संघीय संचार मंत्री अब्दुल अलीम खान और रूस के परिवहन उप मंत्री आंद्रे सर्गेयेविच निकितिन ने चीन के तियानझिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के मौके पर व्यापार और आर्थिक एकीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए पूरे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की।

### ईरान ने 20 दिन के निलंबन के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर शुरू कीं

**तेहरान :** ईरान ने इजराइल के साथ हालिया तनाव के मद्देनजर 20 दिन पहले निलंबित की गई अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं फिर शुरू कर दी हैं, जिसके बाद राजधानी तेहरान के इमाम खामेनेई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहली विदेशी उड़ान उतरी। स्थानीय मीडिया की खबरों से शुक्रवार को यह जानकारी सामने आई। 'स्टूडेंट न्यूज नेटवर्क' की खबर के मुताबिक, ईरान के नागरिक उड्डयन संगठन के प्रवक्ता मेहदी रमजानी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आने वाली फ्लाईदुबई उड़ान के बुधवार को इमाम खामेनेई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की पुष्टि की।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 5 जुलाई, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष दशमी, 18:57 तक, नक्षत्र : स्वाति, 19:44 तक, योग : सिद्ध, 20:26 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 13:45, चन्द्रास्त: 00:20, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 08:21 से 10:01

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए दिन व्यापार या नौकरी में कोई बड़ी ज़िम्मेदारी संभाल सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ काम अब गति पकड़ सकता है। पुराने निवेशों से फायदा मिल सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और निवश और आमदनी दोनों के मामले में दिन अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी, कृषि और रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए नौकरी और कारोबार के मामले में दिन सफलता से भरा होगा। क्रिएटिव, आर्टिस्टिक और एजुकेशन से जुड़े कार्यों में सराहना और लाभ दोनों मिलेंगे।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए सम्मान और तरक्की के योग बन रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति या नई ज़िम्मेदारी मिलने का समय है। ऑफिस में नेतृत्व की भूमिका निभाने का मौका मिलेगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। विशेष कार्यों की प्राप्ति के लिए दिन उपयुक्त है और आपको बड़ा लाभ प्राप्त होगा। राजनीतिक या प्रशासनिक क्षेत्रों में प्रभाव बढ़ेगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का दिन तरक्की से भरा होगा। कोई अधूरी योजना पूरी हो सकती है। तकनीकी क्षेत्रों में नौकरी करने वालों को नया प्रॉजेक्ट या प्रमोशन मिल सकता है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों का दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। जो लोग बैंकर, वकील, सलाहकार, या शिक्षक हैं उन्हें कार्यस्थल पर विशेष सराहना मिल सकती है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को बड़ा लाभ प्राप्त होगा। आपको एक साथ कई कार्य करने होंगे, जिससे थोड़ी थकावट हो सकती है, परंतु परिणाम संतोषजनक रहेंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों का दिन शुभ है। विदेश व्यापार या आयात-निर्यात से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है। करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के संकेत हैं।

**मकर :** मकर राशि के लोगों को कारोबार और धन सम्मान के मामले में बड़ा लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में प्रभुत्व बढ़ेगा और लोगों के बीच आपकी साख मजबूत होगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का दिन सफलता से भरा होगा और आपके सामने अचानक से कुछ ऐसी परेशानियां आ सकती हैं कि जिनके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन मान सम्मान और तरक्की से भरा होगा। आपको मेहनत का सच्चा फल मिलने से मन काफी खुश होगा। धन के आगमन से मन प्रसन्न रहेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3143

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | 24 | | ■ | |
| 25 | | ■ | | ■ | ■ | 26 | | 27 | |
| | ■ | 28 | | | | | ■ | | ■ |

**बायें से दायें :-** 1) प्रशंसा, 4) रुकावट, 7) चौथे सिक्ख गुरु, 9) नेता *(अंग्रेजी)*, 10) आवश्यक और उचित, 11) अपनापन, 13) विधि, 14) भौंरा, 16) फूल के बीच का रेशा, 18) लंबा-चौड़ा; ज्येष्ठ, 19) एक नृत्यप्रकार, 20) व्यभिचारिणी, 22) आकाशगंगा, 23) कपड़े का बना छोटा घर, 25) एक प्रत्यय जो शब्दों के अंत में जुड़कर *बनाने* या *करने* वाला का अर्थ देता है, 26) पुरुषोचित, 28) निराकार.

**ऊपर से नीचे :-** 1) साँप का छोटा बच्चा, 2) कुकर्मी, 3) इज़्ज़त; व्यक्ति का संबोधन, 4) भारत का एक घटक राज्य, 5) अश्लील बातें, 6) एक दूसरे के साथ, 8) पल्ला, 12) ताँबे के रंग का सा स्वच्छ आकाश, 15) सर्वोत्तम; पराकाष्ठा, 17) सिखों की पदवी; मुखिया, 18) एक पालतू पशु, 19) आँख की पुतली, 20) झोंपड़ी, 21) टरकाना, 22) एक ग्रह, 24) कै; उलटी, 27) ठोढ़ी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ■ | पा | व | ■ | क़ | री | ब | ■ | ब |
| म | ■ | त | ह | म | द | ■ | म | सू | र |
| क | ड़ | की | ■ | ह | म | ला | ■ | खा | ता |
| ह | ■ | ■ | क | ल्ला | ■ | ज | त्था | ■ | व |
| रा | म | दा | स | ■ | सि | वा | ■ | चौ | ■ |
| म | स | ■ | र | स्म | ■ | ब | च | का | ना |
| ■ | ला | ग | त | ■ | क़ | ■ | तु | ■ | म |
| गु | ■ | वा | ■ | च | बू | त | रा | ■ | ज़ |
| म | ज़ | ह | ब | ■ | ल | ■ | ई | जा | द |

## सुडोकू-पहेली-3100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | 8 | | 9 | | | 4 | | 7 |
| 9 | 6 | | | | | | 2 | |
| | | | | | | | 1 | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 1 | | | 3 | | 8 |
| | | 5 | 4 | 3 | | | 7 | |
| | 4 | | | | 2 | 8 | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 6 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3099 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 9 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 | 5 | 6 |
| 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 5 | 4 | 8 | 1 |

# कसबा सामूहिक दुष्कर्म : कॉलेज प्रशासन संस्थान को फिर से खोलने के इच्छुक

❑ **वकील ने अदालत को बताया... गार्ड रूम और यूनियन रूम रहेंगे बंद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित 'साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज' के अधिकारियों ने अलीपुर अदालत को शुक्रवार को बताया कि वे संस्थान को दोबारा खोलने के इच्छुक हैं। बता दें कि कॉलेज के परिसर में एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप को लेकर यह संस्थान 29 जून से बंद है। कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने कहा कि अधिकारियों को पुलिस से एक ईमेल मिला है जिसमें कहा गया है कि उन्हें अकादमिक उद्देश्यों के लिए कॉलेज को फिर से



खोलने पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कॉलेज को बताया कि केवल संघ कक्ष (यूनियन रूम)और गार्ड कक्ष को बंद रखा जाएगा और कर्मचारियों की हाजिरी से संबंधित रजिस्टर जैसे दस्तावेजों को अपने कब्जे में रखना होगा। वकील ने कहा कि कॉलेज ने अदालत को बताया कि 200 से अधिक छात्रों को जल्द ही सेमेस्टर परीक्षाओं में शामिल होना है और उन्हें इसके लिए प्रपत्र भरने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के वेतन का भी भुगतान किया जाना है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के अधिकारियों ने परिसर के अंदर उचित सतर्कता बरतने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया।

❑ **पीड़िता कॉलेज लौटने के लिए तैयार नहीं है : राज्य महिला आयोग**

साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून की रात कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म की शिकार हुई प्रथम वर्ष की छात्रा की दोस्त ने राज्य महिला आयोग को बताया कि वह (पीड़िता) सुरक्षा चिंताओं के कारण कॉलेज लौटने को तैयार नहीं है। आयोग की अध्यक्ष ने यह जानकारी दी। रविवार को आयोग के साथ हुई बैठक के दौरान पीड़िता के साथ मौजूद रही उसकी मित्र ने कहा कि वह उस कॉलेज में वापस जाने को तैयार नहीं है, जहां कथित क्रूरताएं हुई थीं। लीना ने कहा कि पीड़िता की सहेली ने सुझाव दिया कि उसे कलकत्ता विश्वविद्यालय के अंतर्गत किसी अन्य लॉ कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया जाए, क्योंकि वह उसी स्थान पर वापस जाने को लेकर भयभीत है। हम उसकी चिंता समझते हैं। आयोग ने परामर्शदाता के साथ पीड़िता और उसकी सहेली से मुलाकात की और राज्य सरकार को आवश्यक कदम उठाने की सिफारिश की ताकि पीड़िता को मनोवैज्ञानिक सहायता मिले और वह सुरक्षित वातावरण में अपनी पढ़ाई जारी रख सके। आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि हमने सिफारिश की है कि यदि आवश्यक हो तो उसे किसी अन्य कॉलेज में स्थानांतरित कर दिया जाए, ताकि उसे मानसिक तनाव से उबरने में मदद मिल सके और वह मानसिक शांति के साथ पढ़ाई जारी रख सके।

# शमीक भट्टाचार्य के अध्यक्ष बनते ही बंगाल बीजेपी में दौड़ शुरू, इस महीने हो सकता है बड़ा फेरबदल

**कोलकाता, समाज्ञा संवाददाता :** हाल ही में शमीक भट्टाचार्य को पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष नियुक्त किए, जाने के बाद पार्टी में पदों को लेकर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, इस महीने के भीतर ही शमीक अपनी नई टीम की घोषणा कर सकते हैं, और इसके साथ ही बंगाल बीजेपी में व्यापक संगठनात्मक बदलाव की संभावना जताई जा रही है। बीजेपी के संविधान के अनुसार, राज्य अध्यक्ष को अपनी टीम चुनने का अधिकार है। इसलिए पार्टी के महासचिव और विभिन्न मोर्चा अध्यक्षों के पदों पर बदलाव होना तय माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि शमीक अपने काम को सहज बनाने के लिए पार्टी के पुराने और अनुभवी चेहरों को फिर से वापस ला सकते हैं। शमीक भट्टाचार्य पिछले चार दशकों से बीजेपी से जुड़े हुए हैं और संगठन की नाड़ी को भली-भांति समझते हैं। इसलिए कयास लगाए जा रहे हैं कि उनके अध्यक्ष बनने के बाद कई वरिष्ठ नेता पार्टी की राज्य इकाई में फिर से सक्रिय भूमिका में लौट सकते हैं। कमिटी में शामिल होने की दौड़ पहले ही शुरू हो चुकी है और संभावित बदलावों को लेकर कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच चर्चा गर्म है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि शमीक की टीम में कौन शामिल होंगे और संगठन को वह किस दिशा में आगे ले जाएंगे।

# शांतनु सेन ने मेडिकल काउंसिल के फैसले को दी हाई कोर्ट में चुनौती

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य मेडिकल काउंसिल द्वारा मेडिकल पंजीकरण रद्द किए जाने के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद और डॉ. शांतनु सेन ने शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति अमृता सिंह की पीठ के समक्ष उन्होंने याचिका दाखिल की और स्पष्ट किया कि वह इस फैसले को चुपचाप स्वीकार नहीं करेंगे। शांतनु सेन ने कहा कि मेरे परिश्रम से हासिल किए गए रजिस्ट्रेशन को अगर कोई साजिश के तहत छीनने की कोशिश करता है तो क्या मैं चुप बैठा रहूंगा? नहीं। मैं कानूनी सलाह लूंगा और जीतूंगा। बता दें कि एक दिन पहले राज्य मेडिकल काउंसिल ने उनके डॉक्टर पंजीकरण को दो वर्षों के लिए निलंबित कर दिया था।



आरोप है कि उन्होंने 'एफआरसीपी ग्लासगो' नामक विदेशी डिग्री का उल्लेख बिना पंजीकरण के किया था। काउंसिल का दावा है कि यह डिग्री एक मानद डिग्री है और इसके तहत चिकित्सकीय प्रैक्टिस की अनुमति नहीं होती। काउंसिल ने इस संबंध में ग्लासगो मेडिकल संस्था को ई-मेल भी भेजा, लेकिन अब तक जवाब नहीं मिला है।

# सीएसटीसी पीएफ घोटाले में हजारों करोड़ की राशि बकाया

❑ **अदालत में मदन मित्रा सहित वरिष्ठ अधिकारियों को फटकार**

**कोलकाता, समाज्ञा संवाददाता :** सीएसटीसी (कोलकाता राज्य परिवहन निगम) के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रोविडेंट फंड (पीएफ) की हजारों करोड़ रुपये की बकाया राशि को लेकर गुरुवार को कोलकाता हाई कोर्ट में तीखी फटकार झेलनी पड़ी पूर्व परिवहन राज्य मंत्री व वर्तमान चेयरमैन मदन मित्रा सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों को।

न्यायमूर्ति अरिंदम मुखोपाध्याय ने साफ कहा, पीएफ से जुड़ा यह मामला कोई मज़ाक नहीं है। यह पैसा कर्मचारियों की मासिक तनख्वाह से उनके भविष्य के लिए काटा जाता है। कोई बेटी की शादी के लिए, तो कोई पत्नी के इलाज के लिए पैसे की उम्मीद लगाए बैठा है। लेकिन वे आज भी अपने अधिकार से वंचित हैं।

अदालत को बताया गया कि अब तक केवल 17 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनका बकाया भुगतान किया गया है, जबकि 150 से अधिक कर्मचारी अब भी बकाया राशि के इंतजार में हैं।

राज्य के वित्त सचिव प्रभात मिश्रा ने अदालत में बताया, हमने परिवहन विभाग को पैसे दे दिए हैं। हमने पत्र भी लिखा, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। इस पर न्यायमूर्ति ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, मान लीजिए आप एक संयुक्त परिवार के मुखिया हैं। परिवार में समस्या होने पर जवाबदेही आपकी ही बनती है। आप लिखित में स्थिति स्पष्ट कर सकते थे।

न्यायालय ने वित्त और परिवहन विभाग को चार महीने के भीतर सभी लंबित मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि इस मामले में हाई कोर्ट ने पहले ही मदन मित्रा सहित अन्य अधिकारियों के खिलाफ रूल जारी किया था, जिसके तहत गुरुवार को सभी को अदालत में उपस्थित होना पड़ा। न्यायमूर्ति ने अंत में दो टूक कहा, यह केवल हिसाब-किताब का मामला नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का सवाल है।

# बकाया डीए की मांग को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट में दो घंटे की 'पेन डाउन' हड़ताल

❑ **बड़े आंदोलन की चेतावनी**

**कोलकाता, समाज्ञा संवाददाता :** पश्चिम बंगाल सरकार से बकाया महंगाई भत्ता (डीए) की तत्काल अदायगी की मांग को लेकर राज्य सरकारी कर्मचारियों के एक वर्ग ने शुक्रवार दोपहर कोलकाता हाई कोर्ट परिसर में दो घंटे की 'पेन डाउन' हड़ताल की। कर्मचारियों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार को तत्काल 25% बकाया डीए देना होगा।

इस विरोध प्रदर्शन का आयोजन राज्य कोषागार से वेतन प्राप्त श्रमिक, कर्मचारी, शिक्षक और शिक्षाकर्मी संयुक्त मंच के



बैनर तले हुआ। प्रदर्शनकारियों ने ज़ोर देकर कहा कि सर्वभारतीय मूल्य सूचकांक के अनुसार केंद्र सरकार के बराबर दर पर डीए मिलना चाहिए।

इस प्रदर्शन में सीपीएम नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता बिकाश रंजन भट्टाचार्य भी शामिल हुए और कर्मचारियों की मांग का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द ही उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वे बड़ा और व्यापक आंदोलन छेड़ेंगे।

कर्मचारियों का कहना है कि डीए कोई या नहीं, बल्कि उनका अधिकार है, और यह देरी राज्य सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

हाई कोर्ट जैसे संवेदनशील परिसर में इस प्रकार की हड़ताल ने सरकार के प्रति कर्मचारियों में बढ़ते असंतोष को स्पष्ट कर दिया है। अब देखना होगा कि राज्य सरकार इस मुद्दे पर क्या रुख अपनाती है।

# पीएम मोदी 21 जुलाई से पहले कर सकते है बंगाल का दौरा



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 जुलाई को तृणमूल शहीद दिवस से पहले फिर से राज्य में आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, 18 जुलाई को उनका संभावित बंगाल दौरा है। दमदम या बारासात में कहीं जनसभा हो सकती है। पता चला है कि पीएम मोदी चार संगठनात्मक जिलों - बारासात, बनगांव, बैरकपुर, कोलकाता उत्तर को लेकर जनसभा करेंगे। खबर है कि इन जगहों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों ने पहले से ही जोरों पर तैयारी शुरू कर दी है। बता दें कि इससे पहले मई में प्रधानमंत्री ने उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में एक बैठक की थी। इस बार, उनकी जनसभा दक्षिण बंगाल में है। 21 जुलाई को तृणमूल शहीद दिवस से पहले पीएम मोदी की यह सभा निस्संदेह काफी महत्वपूर्ण है।


**NAME CHANGE**

I, Sanjoy Sarkar, son of Sarbeswar Sarkar, permanent resident of Patikabari, Haskhali, VTC & PO: Bagula, PS: Hanskhali, Nadia-741502, W.B., presently at, 89/3, S.K.C. Ash Lane, PO & PS:Rishra, Hooghly-712248, do hereby solemnly affirm and declare that Sanjoy Sarkar and Sanjay Sarkar is same and one identical person via affidavit before the Notary Public at Serampore, Hooghly dated 3rd July 2025.


# पटलडांगा स्ट्रीट में चाचा-भतीजे का शव बरामद, आत्महत्या की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** पटलडांगा स्ट्रीट स्थित एक घर से शुक्रवार को दो लोगों के शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान पलाश बसु (70) और नीलांजन बसु (51) के रूप में की गई हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वे रिश्ते में चाचा-भतीजा थे। पड़ोसियों का कहना है कि पलाश बसु और उनका भतीजे नीलांजन लंबे समय से 45, पटलडांगा स्ट्रीट स्थित एक मकान में किराए पर रह रहे थे। बताया गया है कि इस दिन, दोपहर में कई लोग उनका दरवाजा खटखटा रहे थे। लेकिन, काफी देर बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद, उन्होंने पड़ोसियों को इसकी सूचना दी। तब तक कई और लोग वहां इकट्ठा हो गए। पता चला है कि नीलांजन पर बाजार में कर्ज बकाया था, इसलिए लेनदार



उससे पैसे मांगने आए थे। काफी देर तक घर के अंदर से आवाज नहीं आने पर उन्होंने थाने को सूचना दी। मकान मालिक भी आए और दरवाजा अंदर से बंद पाया। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर दो लोगों के शव पड़े मिले। प्रारंभिक तौर पर पुलिस का मानना है कि दोनों ने जहर खाकर आत्महत्या की होगी। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# काम में व्यस्त, नर्सिंग होम में 'दादागिरी' मामले में पुलिस समन से बच निकले कौस्तभ बागची

## तृणमूल का विरोध प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा संवाददाता :** निजी नर्सिंग होम में कथित रूप से धमकी और हंगामे के आरोप में बीजेपी नेता और वकील कौस्तभ बागची को मोहनपुर थाना द्वारा शुक्रवार सुबह 11 बजे तलब किया गया था। हालांकि उन्होंने पेश होने से इनकार करते हुए यह कहते हुए लिखित जवाब भेजा कि वह काम में व्यस्त हैं और समय चाहते हैं। मामला चिकित्सक दिवस की रात का है, जब कौस्तभ पर बैरकपुर के वॉयरलेस मोड़ स्थित एक निजी नर्सिंग होम में पहुंचकर डॉक्टरों को उंगली दिखाकर धमकाने और बदसलूकी करने का आरोप है। घटना के वायरल वीडियो के बाद यह मामला तूल पकड़ चुका है। इस घटना के विरोध में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस ने कौस्तभ के ओल्ड कोलकाता रोड स्थित आवास के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बाराकपुर नगरपालिका के चेयरमैन उत्तम दास, वाइस चेयरमैन सुप्रभात घोष, कई तृणमूल पार्षद और कार्यकर्ता शामिल हुए। कौस्तभ ने इस प्रदर्शन को राजनीतिक प्रतिशोध बताया और कहा कि उनके घर के सामने ऐसा विरोध करना दुर्भाग्य है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कौस्तभ की अनुपस्थिति को लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। साथ ही, नर्सिंग होम में उस रात उनके साथ मौजूद अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी उचित कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। मामले ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है, जहां तृणमूल और बीजेपी आमने-सामने आ गई हैं।

## बंगाल के प्रवासी मजदूरों का उत्पीड़न, हाई कोर्ट में 3 याचिकाएं दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा शासित ओडिशा में बंगाली प्रवासी श्रमिकों पर हुए हमले को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में तीन मामले दायर किए गए हैं। एक श्रमिक के परिवार ने ओडिशा सरकार के खिलाफ यह मामला दर्ज किया है। कोर्ट के सूत्रों के मुताबिक, श्रमिकों के परिवारों की ओर से कुल तीन तरह के मामले दर्ज किए गए हैं- एक बंदी प्रत्यक्षीकरण, एक रिट और एक जनहित याचिका। तीनों मामलों का मुख्य उद्देश्य एक ही है, ओडिशा में अभी भी फंसे बंगाली भाषी श्रमिकों को छुड़ाना। साथ ही, यह सवाल भी उठाया गया है कि श्रमिकों को अवैध रूप से हिरासत में लेकर उन्हें परेशान क्यों किया जा रहा है।

# मेयर फिरहाद ने कोलकाता में सभी पेड़ों का त्वरित स्वास्थ्य ऑडिट का दिया आदेश

## एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा नगर निगम के अंदर एक पेड़ के गिरने से दो लोगों की मौत के बाद कोलकाता नगर निगम (केएमसी) होश में आया है। कोलकाता नगर प्रशासन का माननाहै कि शहर में पेड़ भी राहगीरों के लिए खतरे से खाली नहीं हैं। इस कारण से कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कोलकाता के सभी पेड़ों का हेल्थ ऑडिट करने का आदेश दिया है ताकि यह देखा जा सके कि शहर के सभी पेड़ों की जड़ों की स्थिति क्या है और वे कितने कमजोर या मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि कोलकाता शहर में बहुत सारे पेड़ हैं। मैं अब उनकी स्थिति के बारे में सोचने के लिए मजबूर हूं। फिरहाद के अनुसार, हावड़ा नगर निगम के अंदर जिस तरह



की घटना हुई, उससे शहर में पेड़ों की जांच बहुत जरूरी हो गई है। उन्होंने केएमसी के बागवानी विभाग के अधिकारियों को शहर के सभी पेड़ों का हेल्थ ऑडिट कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। सूत्रों के मुताबिक, यह हेल्थ ऑडिट बोरो आधारित किया जाएगा। इसके चलते शहर में पेड़ों की संख्या और उनकी स्थिति आसानी से रिपोर्ट में आ जाएगी। साथ ही, उन्होंने आदेश दिया कि हेल्थ ऑडिट के दौरान उन पेड़ों को काटा जाए जिनकी शाखाएं बेहद खतरनाक दर से नीचे लटक रही हैं। इसके बाद, उन्होंने कोलकाता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुभाष सरोवर और रवींद्र सरोवर में लगे पेड़ों का तत्काल स्वास्थ्य ऑडिट करें, क्योंकि वहां हर सुबह बहुत से लोग टहलने आते हैं। शाम को होने वाली सभाओं में भी भीड़ बढ़ जाती है। इसलिए किसी बड़ी आपदा को रोकने के लिए स्वास्थ्य ऑडिट जल्दी से जल्दी किया जाना चाहिए। पेड़ों की स्थिति जानना बहुत जरूरी है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**शुद्धिपत्र**

निविदा सूचना संख्याः **पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/22 दिनांक 20.06.2025** के लिए शुद्धिपत्र। प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/जीआरसी द्वारा पहले प्रकाशित उपर्युक्त ई-निविदा सूचना संख्या में निम्नलिखित परिवर्तन नीचे दिया गया है: कृपया निविदा संख्या **52251679A** के सामने निविदा खोलने की तिथि 10/07/2025 के स्थान पर **14/07/2025** पढ़ें। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहती हैं। शुद्धिपत्र के साथ ई-निविदा सूचना का विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(PR-359/C)**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरएस / एचडब्ल्यूएच / 10 / ओटी / 155आर, दिनांक: 03.07.2025.** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस), पूर्व रेलवे, इलेक्ट्रिक लोको शेड, बामनगाछी, हावड़ा - 711106 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** "इलेक्ट्रिक लोको शेड / हावड़ा में डब्ल्यूएपी-7 लोकोमोटिव के 7775 केवीए ट्रांसफार्मर की संस्करण/मरम्मत; **अनुमानित लागत :** रु. 2,31,44,992.00; **बोली सुरक्षा :** 2,65,700.00; **निविदा फॉर्म की लागत :** रु. शून्य; **समापन अवधि :** 12 (बारह) महीने; **निविदा की समाप्ति तिथि एवं समय :** 31.07.2025 को 15:00 बजे; ई-टेंडर का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक/पात्र फर्मों से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रस्तुत करें। यदि कोई शुद्धिपत्र होगा तो उसे दी गई वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (HWH-173/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एसडीएसटीई-टीटीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-आरपीएच-25, दिनांक: 03.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली **निविदा सं. एसडीएसटीई-टीटीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-आरपीएच-25** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पीडब्ल्यूपी 31060-टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस + डब्ल्यूसीएमएससी)-92 सेट (60 केजी 1 इन 12)। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,09,69,792.57, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,04,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 03.07.2025, 18.16 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 14.07.2025, **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 28.07.2025, 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। HWH-176/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या 1; निविदा संख्याः टी-पीयूबी-जीआरसी-2025-414 दिनांक 04.07.2025; कार्यों का विवरण:** एडीईएन/सेटलमेंट/गार्डन रीच के अधीन दक्षिण पूर्व रेलवे के नॉर्थ कॉलोनी, गार्डन रीच कॉम्प्लेक्स में जी+6 डॉक्टर्स डॉरमेट्री का निर्माण; **निविदा मूल्य: ₹ 7,65,31,432.16; बयाना जमा: ₹** 5,32,700.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** 0.00; **खुलने की तिथि:** 31.07.2025; **कार्य की पूर्णता अवधि:** 18 महीने। निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पहले प्राप्त होनी चाहिए और 15.30 बजे खोली जाएगी। निविदा कार्यक्रम में कोई भी परिवर्तन, शुद्धिपत्र, संशोधन, यदि कोई हो, तो केवल ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध होगा और इसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/जानकारी/विशिष्टता के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोट:** संभावित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। सहायता डेस्क संपर्क क्रमांक 033-2450-3783। **(PR-360)**

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

ओवरहेड इक्विपमेंट, ट्रैक और एस एंड टी रखरखाव कार्य के लिए, **दिनांक 06.07.2025 (रविवार) को** हावड़ा मंडल के तहत खन्यन और मेमारी स्टेशनों के बीच सभी लाइनों पर **01 घंटा 30 मिनट (02.40 बजे से 04.10 बजे तक)** के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: **क. मार्ग परिवर्तन [दिनांक 06.07.2025 (रविवार)] : 63501 हावड़ा-बर्द्धमान मेमू** ट्रेन डानकुनी-बर्द्धमान होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। **ख. नियंत्रण [दिनांक 06.07.2025 (रविवार)]: 37812 बर्द्धमान-हावड़ा लोकल** मार्ग में 40 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**बिड सं. जीईएम/2025/बी/6381625, दिनांक 27.06.2025,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा "उप सीईई (सा.)/काँचरापाड़ा के कार्यक्षेत्र में शॉप-35/केपीए की फोरमैन कॉलोनी सबस्टेशन से पावर सप्लाई के वितरण के अधीन रेलवे क्वार्टरों, रेलवे हॉस्पिटल (अर्थात हॉस्पिटल सबस्टेशन, हॉस्पिटल लिफ्ट के परिचालन, ऑक्सीजन प्लांट एवं डीजी सेट आदि), हेल्थ यूनिट, रेलवे स्कूलों, एसटीसी, सरकारी भवनों, रेलवे इंस्टीट्यूट, सबस्टेशन के साथ रेलवे स्टेडियम एवं स्टेडियम के डीजी सेट, स्टॉल, सबमर्सिबल पम्पों आदि की विविध विद्युत परिसंपत्तियों सहित इलेक्ट्रिकल पावर सप्लाई के परिचालन, रखरखाव और ब्रेकडाउन सुधार के परिणाम एवं गतिविधि आधारित आउटसोर्सिंग" कार्य के लिए कस्टम बोली सेवा आमंत्रित की जाती है। **निविदा का अनुमानित मूल्य :** रु.46,36,805.40 जीएसटी और सभी अन्य कर/प्रभार सहित। **बयाना राशि जमा :** रु.92,740/-, **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 21.07.2025 को 12.30 बजे। **अनुबंध अवधि:** 06 माह (180 दिन)। जीईएम कस्टम बोली सेवा बोली दस्तावेज जीईएम साइट (गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस) अर्थात जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** पर उपलब्ध होंगे और दरें जीईएम पोर्टल अर्थात **https://gem.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन कोट की जाएंगी एवं ऑनलाइन जमा की जाएंगी। MISC-120/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं. सीओएम/डीईवी/ई-नीलामी/पीयू/एचडब्ल्यूएच/2022 दिनांक: 02.07.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल (रेल यात्री निवास भवन, चतुर्थ तल, न्यू कॉम्प्लेक्स हावड़ा रेलवे स्टेशन) द्वारा चंदननगर स्टेशन पर 3 (तीन) वर्षों के लिए और डानकुनि स्टेशन पर 6 (छह) महीनों के लिए सामान्य पे एंड यूज़ शौचालय के संचालन और रखरखाव के लिए नया अनुबंध देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी का विषय रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नंबर 11 ऑफ 2022 और कमर्शियल सर्कुलर नंबर 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया **ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। **नीलामी सूची क्रम: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-02-आर-25; नीलामी प्रारंभ तिथि एवं समय:** 15.07.2025 को 13:30 बजे। **क्रम सं.; लॉट सं./श्रेणी एवं स्टेशन** क्रमानुसार:**(1);** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-सीजीआर-टीओआई-33-25-1; चंदननगर (सीजीआर). **(2);** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-डीकेई-तोई-70-25-2; डानकुनि जं. (डीकेई)। (HWH-174/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं. ईएलईजी/ओटी/ई-निविदा सूचना/454/2025-26 दिनांक : 02.07.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के संबंध में क्रमानुसार ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **(1); निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1226-2025-26-आर; कार्य का विवरण:** एसएसई/इलेक्ट/जी/सीपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति उपकरणों और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य; **निविदा मूल्य :** रु.19,41,330.00; बयाना राशि : रु. 38,800.00; **(2) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1231-2025-26-आर; कार्य का विवरण :** एसएसई/ई/जी/एसपीआर/आईसी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति उपकरणों और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 18,86,206.00; **बयाना राशि :** रु. 37,700.00; **(3) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1238-2025-26; कार्य का विवरण :** एसएसई/ई/जी/सियालदह-II के अंतर्गत न्यू अलीपुर (7बी) में पैसेंजर लिफ्ट (निर्मिति-ओटीआईएस) का दो (02) वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 1,95,600.00; **बयाना राशि :** रु. 3,900.00; **(4) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1239-2025-26; कार्य का विवरण :** एसएसई/ई/जी/एसडीएएच-II के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति उपकरणों और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य। (बी.आर. सिंह अस्पताल को छोड़कर); **निविदा मूल्य :** रु. 46,69,896.00; **बयाना राशि :** रु. 93,400.00; **(5) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1240-2025-26; कार्य का विवरण :** सियालदह मंडल के 15 स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए रैंप सुविधा, शौचालय, एसएस हैंड रेलिंग, वाटर बूथ, कम ऊंचाई वाले बुकिंग काउंटर, सीढ़ियों के किनारे तक जाने वाले स्पर्शनीय मार्गदर्शक और चेतावनी ब्लॉक आदि का प्रावधान (दिव्यांगों के लिए एमईए); **निविदा मूल्य :** रु. 35,01,258.00; **बयाना राशि :** रु. 70,000.00; **(6) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1241-2025-26; कार्य का विवरण:** बैरकपुर में आरपीएफ कार्यालय (40 सीटें) का प्रावधान; **निविदा मूल्य :** रु. 23,13,521.00; **बयाना राशि :** रु. 46,300.00; **(7) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1242-2025-26; कार्य का विवरण :** एसएसई/ई(जी)/आईसी/एसडीएएच-I के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत सामान्य सेवाओं के लिए बिजली आपूर्ति उपकरणों और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों के लिए ब्रेकडाउन/रखरखाव कार्य; **निविदा मूल्य :** रु. 14,61,075.00; **बयाना राशि :** रु. 29,200.00; **(8) निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1244-2025-26; कार्य का विवरण:** कृष्णानगर सिटी जंक्शन के लालगोला शाखा में आरसीसी बॉक्स (गेट सं. 102/ई, 103/ई, 104/ई, 115/ई, 126/ई, 127/ई, 129/ई, 135/टी, 144/ई, 149/ई, 169/ई) द्वारा सीमित ऊंचाई वाले सबवे (एलएचएस) का निर्माण करके, एयर पुशिंग सिस्टम वाले आरसीसी बॉक्स द्वारा (गेट संख्या 92), बॉक्स पुशिंग सिस्टम वाले आरसीसी बॉक्स द्वारा (गेट संख्या 76,78,100,165, 171), छत का आच्छादन आरसीसी यू-ट्रफ सहित 17 लेवल क्रॉसिंग गेटों को हटाया जाएगा; **बयाना राशि :** रु. 2,15,500.00; (9) **निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1245-2025-26; कार्य का विवरण :** पार्क सर्कस और बिधान नगर रोड स्टेशन पर यात्री केंद्रित सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव; **निविदा मूल्य :** रु. 57,85,636.00; **बयाना राशि :** रु. 1,15,700.00; **निविदा दस्तावेजों की लागत :** सभी निविदाओं के लिए रु. 0.00; **समापन अवधि :** क्रम सं. 1, 2, 4, 5, 6, 7, 8 के लिए 12 (बारह) माह एवं क्रम सं. 3 के लिए 24 (चौबीस) माह तथा क्रम सं. 9 के लिए 09 (नौ) माह। **निविदा प्रकाशन तिथि :** 02.07.2025; **निविदा समापन तिथि एवं समय:** 25.07.2025 14:00 बजे। **निविदा बोली खोलने की तिथि एवं समय:** 25.07.2025 14:00 बजे के बाद। **निविदा बोली आरंभ तिथि:** 11.07.2025। समय-समय पर जारी निविदा सूचना एवं शुद्धिपत्र का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (SDAH-108/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत विकास संबंधी कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

प्वाइंट सं. 232ए/231बी के सम्पूर्ण रूपांतरण के लिए, दमदम जंक्शन स्टेशन की सीमा में डाउन सीसीआर लाइन पर **दिनांक 05/06.07.2025 (शनिवार/रविवार)** की मध्यवर्ती रात को **7 घंटे के लिए (00:10 बजे से 07:10 बजे तक) ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, ब्लॉक की अवधि के दौरान ट्रेनों के संचालन के लिए नीचे उल्लेखित व्यवस्थाएं की गई हैं:- • **निरस्त रहने वाली ट्रेनें (दिनांक 05.07.2025 को):** सियालदह-डानकुनी: अप 32249/डाउन 32252। • **निरस्त रहने वाली ट्रेनें (दिनांक 06.07.2025 को): सियालदह-हाबरा:** अप 33651, 33653/डाउन 33652, 33654. **सियालदह-दत्तपुकुर:** डाउन 33612. **सियालदह-बनगाँव जंक्शन:** अप 33811, 33817/डाउन 33824, 33826. **सियालदह-बारासात:** अप 33431/डाउन 33432. **सियालदह-डानकुनी:** अप 32211, 32213, 32215, 32217, 32219/डाउन 32212, 32214, 32216, 32218, 32220. **सियालदह-कल्याणी सीमांत:** डाउन 31312. **सियालदह-नैहाटी:** अप 31411, 31415/डाउन 31412, 31414, 31422. **कोमागाता मारु बजबज-सियालदह:** अप 34117. **नैहाटी-कल्याणी सीमांत:** अप 31191. • **संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू (दिनांक 06.07.2025 को): (क) 31051 अप** के कोमागाता मारु बजबज-नैहाटी लोकल नैहाटी के स्थान पर सियालदह में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(ख) 34052 डाउन** नैहाटी-कोमागाता मारू बजबज लोकल कोमागाता मारु बजबज के स्थान पर सियालदह में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। **(ग) 33812** डाउन बनगाँव जंक्शन-सियालदह लोकल सियालदह के स्थान पर दमदम कैंट. में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा **33813 अप** सियालदह-बनगाँव जंक्शन लोकल सियालदह के स्थान पर दमदम कैंट. से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(घ) 33814 डाउन** बनगाँव जंक्शन-सियालदह लोकल सियालदह के स्थान पर बारासात में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी एवं **33815 अप** सियालदह-बनगाँव जंक्शन लोकल सियालदह के स्थान पर बारासात से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(ङ) 33512 डाउन** हासनाबाद-सियालदह लोकल 1 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी यानी हासनाबाद से 03.05 बजे के स्थान पर **04.05 बजे** रवाना होगी तथा सियालदह के स्थान पर बारासात में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा **33511 अप** सियालदह-हासनाबाद लोकल सियालदह के स्थान पर बारासात से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(च) 33514 डाउन** हासनाबाद-सियालदह लोकल सियालदह के स्थान पर दमदम कैंट. में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी तथा **33513 अप** सियालदह-हासनाबाद लोकल सियालदह के स्थान पर दमदम कैंट. से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। **(छ) 31311 अप** सियालदह-कल्याणी सीमांत लोकल सियालदह के स्थान पर नैहाटी से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। • **मेल/एक्सप्रेस का पुनर्निर्धारण: 22202 डाउन पुरी-सियालदह दुरंतो एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.07.2025/शनिवार) 3 घंटे 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी यानी पुरी से 19.45 बजे के स्थान पर **23.15 बजे** रवाना होगी तथा ब्लॉक के समाप्त होने तक वराहनगर रोड में नियंत्रित की जाएगी। • **मेल/एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन: (क) 13148 डाउन बामनहाट-सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.07.2025/शनिवार) डानकुनी-दमदम जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बैण्डेल जंक्शन-नैहाटी-दमदम जंक्शन होकर चलेगी तथा बेलघरिया में ठहरेगी। **(ख) 12344 डाउन हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.07.2025/शनिवार) एवं **(ग) 12378 डाउन न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.07.2025/शनिवार) डानकुनी-दमदम जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बैण्डेल जंक्शन-नैहाटी-दमदम जंक्शन होकर चलेगी। ब्लॉक की अवधि के दौरान ट्रेनें विलम्ब से चल सकती है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कूचबिहार में तृणमूल नेता पर गोलीबारी, भाजपा विधायक का बेटा और ड्राइवर गिरफ्तार

## गाड़ी जब्त, चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**कूचबिहार :** जिले में हमलावरों के एक समूह ने तृणमूल कांग्रेस के एक नेता को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कूचबिहार प्रखंड-2 पंचायत समिति के कर्माध्यक्ष राजू दे पर गुरुवार की रात करीब 11 बजे झिनईडांगा इलाके के पास हमला हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, कूचबिहार (उत्तर) से भाजपा के



विधायक सुकुमार रॉय के बेटे और उसके ड्राइवर को इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी के अनुसार, हमले में राजू दे के दाहिने कंधे पर गोली लगी। पार्टी कार्यकर्ता उन्हें पास के अस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारी ने बताया कि काली कार में सवार होकर आए हमलावर वाहन छोड़कर भाग गए, जिसे घटनास्थल से जब्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त वाहन विधायक रॉय का है। भाजपा नेता के बेटे और कार के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हमारे पास ऐसे गवाह हैं, जिन्होंने रॉय के बेटे को घटना के समय कार के भीतर देखा था। हमारी जांच जारी है। अधिकारी ने कहा कि घटना के सिलसिले में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। राजू दे ने एक वीडियो संदेश में कहा कि कुछ महीने पहले चकचका में स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया था, क्योंकि वहां के विधायक क्षेत्र में कोई काम नहीं करवा रहे थे। उस समय विधायक उसी कार में सवार नजर आए थे। कल भी उसी कार को देखा गया, जब मुझ पर हमला हुआ। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राजू दे पर हमले के पीछे भाजपा का हाथ है। हालांकि, भाजपा ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि यह हमला टीएमसी की 'पूर्व नियोजित साजिश' था। भाजपा विधायक रॉय ने दावा किया कि यह निश्चित रूप से तृणमूल कांग्रेस की पूर्व नियोजित साजिश है। उन्होंने पुलिस के साथ मिलकर इसे अंजाम दिया।

# मालदह में चुनाव बाद हिंसा में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सेवानिवृत्त शिक्षक को आजीवन कारावास

## दोषी पर 50,000 रुपये का जुर्माना और पीड़िता को मुआवजा देने का निर्देश

**मालदह/कोलकाता :** मालदह की एक विशेष अदालत ने 2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान नौ वर्षीय लड़की से दुष्कर्म के लिए शुक्रवार को एक सेवानिवृत्त शिक्षक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य में हिंसा के दौरान हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराध विशेष रूप से दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास के 61 मामले जांच के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिए थे। इन 61 मामलों में से यह पहला मामला है, जिसमें दोषसिद्धि हुई है। इस मामले में सरकारी स्कूल का सेवानिवृत्त शिक्षक



रफीकुल इस्लाम चार जून 2021 की शाम को आम के बगीचे में खेल रही लड़की को पैसे का लालच देकर अपने साथ ले गया था, जिसके बाद उसने लड़की से दुष्कर्म किया था। सीबीआई ने उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने शुक्रवार को रफीकुल इस्लाम को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) और भारतीय दंड संहिता की धारा 376एबी के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया और राज्य सरकार को पीड़िता को तीन लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया। प्रवक्ता ने कहा कि यह चुनाव के बाद हुई हिंसा से जुड़ा पहला मामला है, जिसमें दोषसिद्धि हुई है।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने लॉन्च किया एचडीएच वेव 5

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस व्यवसाय ने एचडीएच वेव 5 के लॉन्च की घोषणा की। यह भारत में तेजी से बढ़ रहे डिज़ाइन-प्रेमी उपभोक्ताओं के लिए 100% पीतल से निर्मित डेकोरेटिव हैंडल्स की एक उन्नत श्रृंखला है। श्याम मोटवानी, बिजनेस हेड - लॉक्स एवं आर्किटेक्चरल सॉल्यूशंस, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने कहा, 'एचडीएच वेव 5 सिर्फ एक हैंडल नहीं, बल्कि क्लास, डिज़ाइन की सटीकता और टिकाऊपन का प्रतीक है। जैसे-जैसे भारतीय घर मालिक और पेशेवर हाई-एंड डिज़ाइन युक्त वातावरण की ओर अग्रसर हो रहे हैं, हमारा नवीनतम प्रोडक्ट उत्कृष्ट कारीगरी, प्रीमियम मटीरियल और लंबे समय तक चलने वाले प्रदर्शन का आदर्श संयोजन प्रस्तुत करता है।'

# शांतिपुर में नाबालिग ने अपमान के कारण की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल के बाद किशोरी अपने एक दोस्त के साथ बातचीत कर रही थी। कथित तौर पर, स्थानीय लोगों ने उन्हें परेशान किया। बाद में, निवासियों ने प्रेमी और प्रेमिका को पुलिस को सौंप दिया। किशोरी के अभिभावक पुलिस स्टेशन गए और उसे घर ले आए। उस अपमान के कारण नाबालिग ने आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, यह घटना नदिया जिला के शांतिपुर में हुई। किशोरी शांतिपुर थाने के गयेशपुर ग्राम पंचायत इलाके की निवासी थी। गुरुवार को परिवार के सदस्यों ने घर में उसका लटकता शव बरामद किया। किशोरी को शांतिपुर स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए रानाघाट महाकुमा अस्पताल भेज दिया है। किशोरी ने आत्महत्या क्यों की? पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, किशोरी बुधवार को हर दिन की तरह स्कूल गई थी। स्कूल के बाद घर लौटने के बजाय, वह गयेशपुर अस्पताल से सटे एक मैदान में स्कूल के एक दोस्त के साथ बातचीत कर रही थी। यह देखकर स्थानीय लोगों ने कथित तौर पर उसे परेशान किया। बाद में, उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस से सूचना मिलने के बाद, उसके माता-पिता उसे पुलिस स्टेशन से घर ले आए। गुरुवार को किशोरी के पिता हर दिन की तरह काम पर बाहर गए थे। उसकी मां खाना बना रही थी। माना जा रहा है कि नाबालिग ने मौके का फायदा उठाकर अपने ही घर में घुसकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक घर से बाहर न निकलने पर परिजनों को शक हुआ। फिर, दरवाजा खोला गया तो फंदे से लटकी लाश मिली।

# किसी भी 'बेदाग' शिक्षक ने एसएससी की दोबारा परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया : प्रदर्शनकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा संघ द्वारा 'बेदाग' करार दिये गये और उच्चतम न्यायालय के एक आदेश के बाद अंतरिम रूप से विद्यालयों में पढ़ा रहे शिक्षकों के एक संगठन ने शुक्रवार को बताया कि उसके किसी भी सदस्य ने नये सिरे से हो रही भर्ती परीक्षा के लिये आवेदन नहीं किया है। डिजर्विंग टीचर्स राइट फोरम के प्रवक्ता चिन्मय मंडल ने बताया कि संगठन के 15,403 शिक्षकों में से किसी ने भी 30 मई को जारी अधिसूचना के तहत नये सिरे से भर्ती प्रक्रिया के लिए आवेदन नहीं किया है। उन्होंने बताया कि हम 2016 में एसएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने और इन वर्षों में अपने-अपने कार्यस्थलों पर काम



करने के बाद फिर से कोई परीक्षा नहीं देंगे। 'डिजर्विंग टीचर्स राइट फोरम' के एक अन्य पदाधिकारी महबूब मंडल ने कहा कि आवेदकों की संख्या के बारे में हमें कुछ नहीं कहना। हम बस इतना कह सकते हैं कि जो लोग 2016 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे, वे उन अभ्यर्थियों के साथ नहीं बैठ सकते हैं, जिन्होंने स्नातक, परास्नातक किया है और अब शिक्षक बनने की आकांक्षा रखते हैं। चिन्मय मंडल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा 2016 की पूरी भर्ती प्रक्रिया को 'दागी' घोषित किए जाने के बाद, आयोग और शिक्षा विभाग को इतनी जल्दबाजी में यह प्रक्रिया नहीं अपनानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि चूंकि, मामला पहले से ही शीर्ष अदालत में लंबित है और इस महीने के अंत तक नये दौर की सुनवाई निर्धारित है, इसलिए राज्य कानूनी विशेषज्ञों के परामर्श से भर्ती अभियान को टाल सकता था और पात्र शिक्षकों की सत्यापन योग्य सूची तैयार कर सकता था या वे ओएमआर शीट को सार्वजनिक कर सकते थे।

# लगातार पुलिस नोटिस से परेशान, बर्खास्त शिक्षक पहुंचे हाई कोर्ट

❑ **प्राथमिकी रद्द करने की मांग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नियुक्ति घोटाले में पैनल रद्द होने के बाद नौकरी से बर्खास्त किए गए शिक्षकों को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद पुलिस द्वारा बार-बार नोटिस भेजे जाने पर दो शिक्षक चिन्मय मंडल और संगीता घोष ने शुक्रवार को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामला है बिकाश भवन में हुई कथित तोड़फोड़ को लेकर दर्ज प्राथमिकी का। आरोप है कि बर्खास्त शिक्षक जब विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तब बिकाश भवन में तोड़फोड़ की गई, जिसके चलते उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ। इस मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पहले ही पुलिस को 'गो स्लो' यानी धीमी जांच का निर्देश दिया था। इसके बावजूद पुलिस द्वारा लगातार नोटिस भेजे जाने पर शिक्षकों ने नाराजगी जताई। इस पर न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने कहा, जो लोग ऐसे नोटिस पा रहे हैं, वे इन्हें खारिज करवाने के लिए अदालत में आवेदन कर सकते हैं - चाहे व्यक्तिगत रूप से या किसी वकील के माध्यम से सामूहिक रूप से। शिक्षकों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजदीप मजूमदार ने मूल ऋखठ को खारिज करने की मांग की है। उन्होंने अदालत से यह भी कहा कि उच्च शिक्षा विभाग भी लगातार नोटिस भेज रहा है, जो अदालत के आदेश का उल्लंघन है। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि इस नोटिस को लेकर अगली सुनवाई के दौरान ही कोई निर्णय लिया जाएगा। तब तक नोटिस पर कोई अंतिम टिप्पणी नहीं दी गई है।

# मिला अनुमति पत्र, अलीपुर चिड़ियाघर में जल्द आएंगे चार हरे एनाकोंडा

❑ **चेन्नई से शुरू होगी लाने की प्रक्रिया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार अलीपुर चिड़ियाघर को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से हरी एनाकोंडा लाने की अनुमति मिल गई है। अब अलीपुर से एक टीम अगले सप्ताह चेन्नई के मद्रास क्रोकोडाइल बैंक जाएगी, जहां से चार हरे एनाकोंडा के शावक लाए जाएंगे।



बदले में अलीपुर चिड़ियाघर शंखामुटी प्रजाति के सांप देगा। हालांकि सभी एनाकोंडा को एक साथ नहीं, बल्कि धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से लाया जाएगा।

चिड़ियाघर के अधीक्षक अरुण मुखोपाध्याय ने पुष्टि की कि अब अनुमति मिलने के बाद एनाकोंडा को लाने में कोई बाधा नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी टीम अगले सप्ताह चेन्नई के लिए रवाना होगी।

देश में हरे एनाकोंडा केवल मद्रास क्रोकोडाइल बैंक में पाए जाते हैं। इससे पहले पीले एनाकोंडा भी अलीपुर ने यहीं से मंगवाए थे। शुरुआत में जब अलीपुर ने हरे एनाकोंडा की मांग की थी, तब मद्रास बैंक ने इनकार कर दिया था। पर कई महीनों की बातचीत के बाद अंततः वे तैयार हुए।

अलीपुर चिड़ियाघर प्रशासन ने एक साल पहले ही हरे एनाकोंडा के लिए विशेष घर बना लिया था, जो अब तक खाली पड़ा था। अब जब यह खास मेहमान आ रहा है, तो चिड़ियाघर के कर्मचारी सजावट और तैयारी में जुट गए हैं। आने वाले दिनों में यह चिड़ियाघर का बड़ा आकर्षण बनने वाला है।

# आसनसोल के युवक की हैदराबाद में हत्या, साथी लापता, पुलिस जांच में जुटी

**आसनसोल :** हैदराबाद में काम करने गए आसनसोल के एक व्यक्ति की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक का नाम रोशन हेला उर्फ डाबा (43) है। बताया जा रहा है कि शव पर तेजधार हथियार के निशान पाए गए हैं। घटना के बाद से ही रोशन का रूममेट रंजीत पंडित लापता है, जिस पर पुलिस हत्या का संदेह जता रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, रोशन 19 जून को कुछ दोस्तों के साथ हैदराबाद की एक निजी फैक्ट्री में काम करने गया था और वहीं फैक्ट्री के आवास में रहता था। 2 जुलाई को फैक्ट्री के आवास से रोशन का शव मिला, जिसे देखकर सहकर्मियों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिवार को इस दुखद खबर की सूचना आसनसोल के उत्तर थाना पुलिस ने दी। परिवार के अनुसार, रोशन का किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उसकी चाची तुलसी हेला ने बताया कि वे घटना को समझ नहीं पा रहे हैं। रोशन ने 24 जून को अंतिम बार आधार कार्ड के ओटीपी के लिए फोन किया था। घटना के बाद से ही उसका साथी रंजीत लापता है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

## अमेजन प्राइम डे 2025 में मिलेगा बेहतरीन ऑफर्स का जबरदस्त कॉम्बिनेशन और डील्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने प्राइम डे 2025 की शानदार डील्स का ऐलान कर दिया है। यह सेल 12 जुलाई की रात 12 बजे से शुरू होकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक चलेगी। इस 72 घंटे की सेल में प्राइम मेंबर्स स्मार्टफोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम अप्लायंसेज, फैशन, ब्यूटी और रोजमर्रा की आवश्यकताओं पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकेंगे। स्मार्टफोन्स पर 40% तक की छूट, टीवी पर 65% तक की छूट और इलेक्ट्रॉनिक्स पर 80% तक की छूट मिलेगी। होम अप्लायंसेज, फर्नीचर, किचन प्रोडक्ट्स और आउटडोर गियर पर भी बड़ी बचत के मौके हैं। प्राइम मेंबर्स को विशेष बैंक ऑफर्स, नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर्स और अतिरिक्त कूपन डिस्काउंट मिलेंगे। अमेजन फ्रेश पर किराना और डेली स्टेपल्स पर 60% तक की छूट और 400 तक कैशबैक मिलेगा। अमेजन पे, अमेजन बिजनेस और स्मार्ट डिवाइसेज पर भी विशेष ऑफर्स दिए जा रहे हैं। अमेजन प्राइम डे 2025 खरीदारी का बेहतरीन मौका साबित होने जा रहा है।

## बारबेक्यू नेशन ने कल्याणी आईटीआई मोड़ पर नए फ्लैगशिप स्टोर का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारबेक्यू नेशन ने पश्चिम बंगाल में कल्याणी के आईटीआई मोड़ के पास अपने नए फ्लैगशिप स्टोर के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। भारत की अग्रणी कैजुअल डाइनिंग चेन बारबेक्यू नेशन ने कल्याणी के शैक्षणिक और सांस्कृतिक केंद्र में 30 जून 2025 को जनता के लिए अपने नए स्टोर के दरवाजे खोले। यह स्टोर तीसरी मंजिल पर पैंटालून्स के ऊपर, 10सीए, ब्लॉक नंबर 09, ब्लॉक बी, घोषपाड़ा रोड, आईटीआई मोड़ पर स्थित है। 3,200 वर्ग फुट में फैला यह स्टोर 108 कवर की क्षमता वाला है और समकालीन अंदरूनी सजावट तथा जीवंत माहौल से सुसज्जित है। यहां शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजनों की असीमित सेवा निश्चित कीमत पर दी जाएगी। तंदूरी पनीर टिक्का, हरियाली कबाब, हनी चिली पोटैटो, चिकन बिरयानी और अंगूरी गुलाब जामुन जैसी तमाम स्वादिष्ट डिशेस यहां उपलब्ध होंगी। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक सुमन मुखर्जी ने कहा कि वे मेहमानों को बेहतरीन सेवा देने को उत्साहित हैं।

# सियालदह मंडल में विकास कार्यों के लिए ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में 05 और 06 जुलाई 2025 की रात दमदम जंक्शन पर प्वाइंट 232ए/231बी के रूपांतरण के लिए 7 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के चलते कई ट्रेनों के समय और मार्ग में बदलाव किया गया है। 05 जुलाई 2025 को सियालदह-डानकुनी (अप 32249/डाउन 32252) लोकल रद्द रहेगी। 06 जुलाई 2025 को सियालदह-हाबरा, सियालदह-दत्तापुकुर, सियालदह-बनगांव, सियालदह-बैरकपुर, सियालदह-डानकुनी, सियालदह-कल्याणी सीमांत, सियालदह-नैहाटी और कोमागाता मारू बजबज-सियालदह की कई लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसके अलावा, मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 13148 बामनहाट-सियालदह उत्तरबंगा एक्सप्रेस, 12344 हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल और 12378 न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस को डानकुनी-दमदम जंक्शन के बजाय बंडेल-नैहाटी-दमदम जंक्शन के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा और ये ट्रेनें बेलघरिया पर ठहरेंगी। 06 जुलाई 2025 को कई लोकल ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट व शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा। इनमें कोमागाता मारू बजबज-नैहाटी लोकल, नैहाटी-कोमागाता मारू बजबज लोकल, बनगांव-सियालदह लोकल, हसनाबाद-सियालदह लोकल, सियालदह-हसनाबाद लोकल और सियालदह-कल्याणी सीमांत लोकल शामिल हैं।

इसके अलावा, 5 जुलाई को 22202 पुरी-सियालदह दूरंतो एक्सप्रेस को 3 घंटे 30 मिनट देरी से चलाया जाएगा और यह पुरी से 23:15 बजे प्रस्थान करेगी। इसे ब्लॉक समाप्ति तक बड़ानगर रोड स्टेशन पर नियंत्रित किया जाएगा।

# लायंस क्लब ऑफ कोलकाता वेस्ट के कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** लायंस क्लब ऑफ कोलकाता वेस्ट, जिला 322 बी 2 की कार्यकारिणी (2025-26) का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत लायन सीताराम पेड़ीवाल ने शांति प्रार्थना के साथ की। मधुर गीतों की मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष लायन प्रशांत माहेश्वरी ने स्वागत भाषण देते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और नए अध्यक्ष को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर लायन नम्रता माहेश्वरी ने शपथ ग्रहण समारोह की ऑफ़िसर लायन संगीता जटिया (भूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर) का परिचय कराया। लायन संगीता जटिया ने अनूठे अंदाज में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों का बोध कराते हुए शपथ दिलाई। नव निर्वाचित प्रथम



जिला गवर्नर लायन आशीष झुनझुनवाला और द्वितीय जिला गवर्नर लायन नितिन अग्रवाल ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए नई टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर भूतपूर्व जिला गवर्नर लायन पवन बेरी, लायन अमित बोथरा, जिला सचिव लायन मनमोहन बागड़ी, कोषाध्यक्ष लायन सारिका वैष्णवी, लायन सुजय चटराज कोषाध्यक्ष, लायन अनुप अग्रवाल, लायन अनिता अग्रवाल, लायन नीरु गोलछा, लायन नीरज कंदोई, लायन मनीष चमड़िया, लायन उमेश अंजू गनेड़ीवाल ने अध्यक्ष और पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। क्लब की नव निर्वाचित अध्यक्ष लायन प्रभा केडिया ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों के सहयोग से जिले में सेवा कार्यों का नया कीर्तिमान स्थापित करने का संकल्प लिया। जिला गवर्नर लायन स्वाति गोस्वामी ने जिला स्तर पर होने वाले आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए लायन प्रभा केडिया और उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में क्लब के 6 सदस्यों को कैबिनेट में स्थान मिलने पर सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम का संचालन लायन कुसुम मूंदड़ा, लायन नंदा जैन, लायन मीना राठी और लायन अंजू बजाज ने संयुक्त रूप से किया। लायन प्रकाश मुंदडा, लायन श्याम बाहेती, लायन श्याम लाहोटी, लायन संजय बजाज, लायन नन्दलाल केडिया, अमित मुंदडा, लायन शांति गोयल, लायन किरण गोयल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। अंत में धन्यवाद ज्ञापन क्लब सचिव लायन कंचन पेड़ीवाल ने दिया।

# रेलवे स्टाफ की तत्परता से घायल यात्री की बची जान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पार्क सर्कस स्टेशन पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने अपना दाहिना पैर गंवा दिया, लेकिन रेलवे कर्मियों की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई से उसकी जान बचाई जा सकी। घटना की सूचना मिलते ही बुकिंग पर्यवेक्षिका सुचरिता बाला और आरपीएफ निरीक्षक एम.के. सिंह ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था की और सियालदह के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जसराम मीणा को सूचित किया। घायल यात्री को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद चित्तरंजन अस्पताल में भर्ती कराया गया। रेलवे की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर हमारे कर्मचारियों की जिम्मेदारी, मानवीयता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल देखने को मिलती है।

# अग्रसेन बॉयज स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न

**कोलकाता :** अग्रसेन बॉयज स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दो चरणों में विद्यालय के वातानुकूलित सभागार में किया गया। शिशु विभाग से लेकर उच्च माध्यमिक तक के छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों और विभिन्न सह-शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष सत्यनारायण देवरलिया थे। विशेष अतिथियों में प्रबंधक सरोज श्रीवास्तव, शासी परिषद सदस्य अशोक बंसल, कमल प्रकाश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अग्रसेन सेवा समिति के न्यासी राम विलास अग्रवाल, तथा अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित थे।




कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें अध्यक्ष, शासी और न्यासी परिषद के सदस्य एवं प्रधानाचार्या शामिल रहे। इसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती, गणेश और शिव वंदना सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दीं। छात्रों द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा और दर्शकों द्वारा सराहा गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अबीरा दास ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। समापन पर शैक्षणिक उप प्रधानाचार्या अनामिका बासु दास और सह-शैक्षणिक उप प्रधानाचार्या देविका सरकार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# पूर्व रेलवे श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए चलाएगा स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने श्रावण मास में आयोजित होने वाले पावन श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 03553/03554 आसनसोल-दानापुर-आसनसोल अनारक्षित श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 03553 आसनसोल-दानापुर श्रावणी मेला विशेष 14 जुलाई 2025 से 7 अगस्त 2025 तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को कुल 16 फेरे लगाएगी। यह ट्रेन शाम 19:30 बजे आसनसोल से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 02:15 बजे दानापुर पहुंचेगी। वहीं, 03554 दानापुर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 15 जुलाई 2025 से 8 अगस्त 2025 तक प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को



चलेगी। यह ट्रेन सुबह 03:15 बजे दानापुर से रवाना होकर उसी दिन 10:10 बजे आसनसोल पहुंचेगी। यह स्पेशल सेवा दोनों दिशाओं में चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जमुई, किउल, लखीसराय, मणिकत्था, बड़हिया, हाथीदह, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरूपुर, फतुहा, पटना साहिब, राजेंद्र नगर और पटना स्टेशनों पर ठहरेगी।

# हावड़ा मंडल ने यूटीएस मोबाइल ऐप को बढ़ावा देने के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने डिजिटल टिकटिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूटीएस मोबाइल ऐप के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लगातार जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। यह पहल मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशन में संचालित की जा रही है। इस अभियान के तहत 03 जुलाई को वाणिज्य विभाग की टीमों ने चिनसुरा, बैद्यबती, बारुईपाड़ा और शेउराफुली जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। टीमों ने सीधे यात्रियों से संवाद कर उन्हें यूटीएस ऐप डाउनलोड करने, इसका उपयोग करने की प्रक्रिया और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यात्रियों को जागरूक




करने के लिए पोस्टर, स्टेशन घोषणाएं, डिजिटल डिस्प्ले और सीधे बातचीत जैसे कई माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। साथ ही, प्रमुख स्टेशनों पर रेलवे कर्मियों को तैनात किया गया है, जो विशेष रूप से भीड़ के समय यात्रियों को ऐप के इस्तेमाल में सहायता प्रदान कर रहे हैं।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करना है, जिससे आरक्षण काउंटरों पर लंबी कतारों को कम किया जा सके और यात्रा का अनुभव सुगम हो। यह अभियान भारतीय रेलवे की डिजिटलाइजेशन और यात्री हितैषी पहलों के तहत उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

# बैद्यबाटी में हुए दोहरे हत्याकांड की गुत्थी सुलझी

**❑ प्रेम में धोखा और अपमान की वजह से दो को उतारा था मौत के घाट**



**हुगली :** जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बैद्यबाटी में हुए दोहरे हत्याकांड की गुत्थी को चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया। इस हत्याकांड के मुख्य दो आरोपी अर्जुन पासवान और नासिरुद्दीन शेख को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को रिमांड की अर्जी के साथ श्रीरामपुर महकमा अदालत में पेश किया गया। पुलिस पूछताछ में हत्याकांड का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है पुलिस के मुताबिक प्रेम में धोखा और अपमान की वजह से हत्या की सुनियोजित साजिश रची गई

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अपर्णा ने अपने पहले पति को छोड़ मनोज के साथ लिव-इन रिलेशन में रहना शुरू किया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि अपर्णा की छोटी बहन रिम्पा की पहचान अर्जुन पासवान नामक युवक से हुई थी, जो हावड़ा जिले के चामरैल का निवासी और पेशे से ड्राइवर है। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध गहराते गया । रिम्पा भी पति को छोड़ अर्जुन के साथ रहना शुरू कर दिया।

अपर्णा ने दोनों को तेलंगाना में नौकरी दिलाई, लेकिन कुछ समय बाद वे वापस आ गए। इसके बाद रिम्पा का अर्जुन से मन हट गया और उसका संबंध किसी अन्य युवक से बन गया। इस बात से अर्जुन को गहरा सदमा पहुंचा। अपर्णा ने अर्जुन को अपनी बहन से दूर रहने की हिदायत दी और बहन की शादी किसी अच्छे लड़के से कराने की बात कही। पुलिस के अनुसार, अर्जुन इस बात को लेकर अपर्णा से नाराज रहने लगा। हत्या की वारदात से ठीक तीन दिन पहले अर्जुन फिर से बैद्यबाटी पहुंचा। वहां अपर्णा के साथ उसका झगड़ा हुआ और अपर्णा ने उसे सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारा। अपमान और प्रेम में धोखा मिलने से गुस्से में अर्जुन ने अपर्णा और मनोज को जान से मारने की योजना बनाई। बुधवार को अर्जुन ने सियालदह से चाकू खरीदा और उसी रात बैद्यबाटी पहुंचा। देर रात तक वह इलाके में ही छिपकर बैठा रहा। तड़के करीब तीन बजे वह अपर्णा के घर में घुस गया और सोते हुए मनोज और अपर्णा पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। दोनों के शरीर पर कई गंभीर घाव मिले हैं। पड़ोसियों ने बचाओ-बचाओ की चीखें सुनी और पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक अर्जुन फरार हो चुका था। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर अमित पी. जावलगी और डीसीपी श्रीरामपुर अर्नब विश्वास ने घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस ने मृतका की मां और बहन से पूछताछ की तो अर्जुन और नासिरुद्दीन की ओर से बार-बार धमकी देने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने दो टीम बनाईं एक को जगदिशपूर के चारमाइल और दूसरी टीम को महेशतला भेजा गया। स्थानीय पुलिस की मदद से दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस रिमांड के बाद हत्या से जुड़ी और जानकारी हासिल करेगी। हत्या का रिक्रिएशन भी कराया जायेगा। प्रेम, धोखा और अपमान एवं त्रिकोणीय प्रेम की घटना ने दो जिंदगियों का अंत दिया। ज्ञात हो कि गुरुवार तड़के बैद्यबाटी नगरपालिका के वार्ड 18 स्थित सीताराम बागान इलाके के एक किराए के मकान से मनोज भादुरी (35) और अपर्णा माझी (32) का खून से सना शव बरामद हुआ था। संदेहास्पद स्थिति में मिले शव को पहले आत्महत्या का मामला माना जा रहा था लेकिन पुलिस की गहनता से हुई जांच ने इस रहस्य पर से पर्दा उठा दिया और निर्मम हत्याकांड के मुख्य आरोपोयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## सीपीएम नेता की पिटाई मामले में 72 घंटे बाद भी आरोपी टीएमसी नेत्री गिरफ्त से बाहर

**❑ अब हाई कोर्ट का रुख करेंगे पीड़ित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर में सरेआम एक बुजुर्ग सीपीएम नेता की पिटाई का मामला अब कोलकाता हाई कोर्ट तक पहुँच गया है। घटना के 72 घंटे बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपी तृणमूल नेत्री बेबी कोले की गिरफ्तारी न होने से आहत पीड़ित अनिल दास न्याय की गुहार लेकर अब अदालत का दरवाजा खटखटा रहे हैं।

30 जून को वायरल हुए एक वीडियो में देखा गया कि कुछ महिलाएं सड़क पर एक वृद्ध को बेरहमी से पीट रही हैं। पीड़ित की कपड़े फाड़कर पूरे शरीर पर रंग भी डाला गया। बाद में पता चला कि यह व्यक्ति खड़गपुर नगरपालिका के वार्ड नंबर 17 के निवासी सीपीएम नेता अनिल दास हैं और हमला करने वालों में शामिल महिला तृणमूल नेत्री बेबी कोले हैं।

घटना के बाद तृणमूल कांग्रेस ने नेत्री को कारण बताओ नोटिस (शोकॉज) जारी किया, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अनिल दास ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें जान से मारने की कोशिश की गई।

मामले को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों ने तीव्र निंदा की है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लेकिन पुलिस की निष्क्रियता को देखते हुए अब अनिल दास हाई कोर्ट में याचिका दायर कर न्याय की मांग कर रहे हैं।

संभावना है कि यह मामला मंगलवार या बुधवार को न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की अदालत में पेश किया जाएगा। अब देखना यह है कि अदालत इस मामले में क्या रुख अपनाती है।

# 'मजाक चल रहा है, चार साल तक कर क्या रहे थे'

**चुनाव बाद हिंसा में कांकुरगाछी के भाजपा कार्यकर्ता की हत्या मामले में सीबीआई को फटकार**

### कोर्ट ने तृणमूल विधायक समेत 18 लोगों को समन जारी करने का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** दो साल पहले सबूत जुटाए गए थे। चार साल बाद अतिरिक्त चार्जशीट क्यों पेश की गई? चुनाव बाद हुई हिंसा मामले में कोर्ट ने यह सवाल उठाकर सीबीआई को फटकार लगाई। जज ने टिप्पणी की कि क्या यह मजाक है? बता दें कि कांकुरगाछी के एक भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हत्या कर दी गई थी। सीबीआई ने दो दिन पहले उस मामले में अतिरिक्त चार्जशीट पेश की है। इसमें 18 लोगों के नाम हैं, जिसमें बेलेघाटा के तृणमूल विधायक परेश पाल और कोलकाता नगर निगम के दो पार्षद स्वप्न समाद्दार और पापिया घोष शामिल हैं। शुक्रवार को कोलकाता बैंकशाल कोर्ट स्थित विशेष अदालत ने उस मामले में उन सभी 18 लोगों को तलब करने का आदेश दिया। कोर्ट ने चार्जशीट की कॉपी भी भेजने को कहा। सुनवाई की शुरुआत में कोर्ट ने सीबीआई से पूछा कि आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई कैसे की जा सकती है? जवाब में, सीबीआई के वकील ने कोर्ट को बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी आरोपितों के खिलाफ समन जारी कर सकती है। इसके बाद, जज ने पूछा कि क्या 18 लोगों में से किसी को गिरफ्तार करने की कोशिश की गई थी। जवाब में सीबीआई के जांच अधिकारी ने कहा कि नहीं, ऐसा नहीं हुआ। जज ने पूछा कि क्या किसी को गिरफ्तार करने की जरूरत थी? जवाब में, जांच अधिकारी ने कहा कि नहीं। वे सहयोग कर रहे थे। जज ने सीबीआई से यह भी पूछा कि क्या आरोपित भाग सकते हैं। सीबीआई ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता। इसके आधार पर जज ने कहा कि उस मामले में आरोपितों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने की जरूरत नहीं थी। यह कहकर कोर्ट ने आरोपितों को समन भेजने का निर्देश दिया। कोर्ट ने न सिर्फ उन 18 लोगों को बल्कि उन 20 लोगों को भी समन भेजने का आदेश दिया जिनके नाम मुख्य चार्जशीट में हैं। जज के इस आदेश के बाद सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि सभी को चार्जशीट भेजने में उन्हें एक महीने का समय लगेगा। इससे जज नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि आप चार साल बाद पूरक आरोप पत्र दाखिल कर रहे हैं। क्या यह 'मजाक की बात' है? आप चार साल तक क्या कर रहे थे? मैंने आरोप पत्र में देखा कि सबूत दो साल पहले एकत्र किए गए थे। न्यायाधीश ने कहा कि जांच का अधिकार दिया गया है, जिसका अर्थ है कि यह आपकी मर्जी पर निर्भर नहीं हो सकता। न्यायाधीश ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, उस दिन आरोपितों को कोर्ट में मौजूद रहने को कहा जाएगा।

# हमलावरों पर सख्त कार्रवाई नहीं करने पर सिद्दीकुल्ला चौधरी ने पार्टी छोड़ने की चेतावनी

**मंत्री पर हमले के आरोप में पांच गिरफ्तार**



**पूर्व बर्दवान :** राज्य के पुस्तकालय मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी पर गुरुवार को हुए हमले के मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मंतेश्वर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए इन पांचों आरोपितों को शुक्रवार को कालना अदालत में पेश किया जाएगा। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार सभी आरोपित तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता या समर्थक के रूप में इलाके में पहचाने जाते हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को मंत्री जब अपने विधानसभा क्षेत्र मंतेश्वर में एक बैठक के सिलसिले में पहुंचे थे, तभी उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। मंतेश्वर बाजार क्षेत्र में उनके काफिले को घेरकर कुछ प्रदर्शनकारियों ने झाड़ू, काले झंडे और ईट-लाठी लेकर हमला कर दिया। गाड़ी में तोड़फोड़ की गई और चिटिंगबाज-धापाबाज के नारे लगाते हुए उन्हें 'गो बैक' कहा गया। हमले में सिद्दीकुल्ला चौधरी के घायल होने की भी खबर है। घटना के बाद मंत्री सीधे जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। बाहर निकलने के बाद उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ने इस हमले के पीछे तृणमूल के रफीकुल इस्लाम शेख (पंचायत समिति, अध्यक्ष) को बाहर नहीं निकाला, तो मैं पार्टी छोड़ दूंगा। मैं कैबिनेट मंत्री हूं, कोई इस तरह से हमला कैसे कर सकता है। पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पूरी घटना के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही। मैंने सीएम ऑफिस को सूचित कर दिया है। उन्होंने कहा कि शहरी विकास मंत्री व मेयर फिरहाद हकीम ने शुक्रवार सुबह मुझे फोन किया और उन्होंने कहा कि न्याय होगा। मैं देख रहा हूं, अगर अहमद हुसैन को बाहर नहीं निकाला गया तो मैं पार्टी छोड़ दूंगा। मंत्री ने प्रशासन से हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## आईकू ने पेश किया आईकू 13 का स्पेशल एडिशन, ऐस ग्रीन वेरिएंट

**नई दिल्ली/कोलकाता :** आईकू, हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड, ने अपने फ्लैगशिप आईकू 13 स्मार्टफोन का नया वेरिएंट – ऐस ग्रीन पेश किया है। यह 12 जुलाई, रात 12:00 बजे से आईकू ई-स्टोर और ऐमेज़ॉन.इन पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। ऐस ग्रीन रंग संयम, सटीकता और दबाव में प्रदर्शन की थीम से प्रेरित है। इसे ऐसे लोगों की सोच को दर्शाने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो शांत आत्मविश्वास और तेज़ फोकस के साथ नेतृत्व करते हैं। आईकू के 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को जारी रखते हुए, आईकू 13 ऐस ग्रीन डिवाइसेस को वीवो के ग्रेटर नोएडा स्थित फैक्ट्री में निर्मित किया जाएगा। साथ ही, ग्राहकों को बिना किसी परेशानी के आफ्टर-सेल्स सर्विस अनुभव देने के लिए, आईकू ग्राहकों के लिए देशभर में 670+ कंपनी-स्वामित्व वाले सर्विस सेंटर्स उपलब्ध हैं।

# सिख संगठन ने सुकांत मजूमदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**कंद्रीय मंत्री पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप**



**कोलकाता, समाज्ञा :** शिख संगठनों ने सुकांत मजूमदार पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी सजा की मांग की है। बालुरघाट के भाजपा सांसद सुकांत के खिलाफ उठाए गए इस विवाद को लेकर शिख संगठन ने अब मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। इससे पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भी सुकांत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। 15 जून को कोलकाता के श्री गुरु सिंह सभा के आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कोलकाता पुलिस की जेल वैन पर खड़े सुकांत मजूमदार ने बाहर रखे हवाई चप्पल के कटआउट पर निशाना लगाया। यह कटआउट उड़कर एक शिख धर्मावलंबी के पगड़ी पर लग गया और गिर पड़ा। शिख धर्म में पगड़ी को अत्यंत पवित्र माना जाता है, इसलिए इस घटना को धार्मिक भावनाओं की अवमानना माना गया। घटना के दो दिन बाद, 17 जून को सुकांत ने अपने सोशल मीडिया पर माफी भी मांगी, लेकिन शिख संगठनों की नाराजगी कम नहीं हुई है और वे अभी भी उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**दिलीप घोष ने नयी पार्टी की अफवाहें खारिज की, कहा...**

# 'लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भाजपा काफी'



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने सभी अफवाहों को खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह भाजपा के 'वफादार सिपाही' हैं और उनका नयी पार्टी बनाने का कोई इरादा नहीं है। इस दिन, न्यू टाउन में मॉर्निंग वॉक के बाद, पत्रकारों से बातचीत में दिलीप घोष ने कहा कि भाजपा ने मुझे मंच दिया, विधायक बनाया, सांसद बनाया और संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपीं। यहां तककि जिस कार और सुरक्षा का मैं इस्तेमाल करता हूं, वह भी पार्टी ने मुहैया कराई। मैंने कभी कुछ नहीं मांगा। अगर पार्टी चाहती है कि मैं एक साधारण सदस्य के तौर पर काम करूं, तो मैं ऐसा करूंगा। अगर वे मुझे बुलाते हैं, तो मैं जाऊंगा। अगर वे नहीं बुलाते हैं, तो मैं नहीं जाऊंगा। व्यवस्था ऐसे ही चलती है। उन्होंने कहा कि नयी पार्टी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि भाजपा लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। घोष ने कहा कि मैंने यहां पार्टी को स्थापित करने में मदद की। मुझे नयी पार्टी बनाने की कोई जरूरत नहीं है। हमने 70 साल में जो भाजपा बनाई है, वह लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। नयी पार्टी की कोई जरूरत नहीं है।

**❑ 'लोग कल्पना करने के लिए स्वतंत्र हैं'**

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से प्रतीकात्मक 21 जुलाई की तारीख से पहले एक चौंकाने वाले कदम की हो रही चर्चा के बारे में पूछे जाने पर दिलीप घोष ने कहा कि लोग कल्पना करने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्हें 21 तारीख तक चीजों की कल्पना करने दें। तारीख पर तारीख। लेकिन कुछ लोग इसी तरह बाजार में रहते हैं। और दिलीप घोष अभी भी बाजार में हैं। इस दिन, एक बार फिर अपना पक्ष दोहराते हुए उन्होंने कहा कि मैं दीघा में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर में किसी का प्रतिनिधित्व करने नहीं गया था। मैं एक करदाता हूं। मंदिर का निर्माण जनता के पैसे से हुआ है। एक सम्मानित नागरिक के तौर पर मैं वहां गया था।

**❑ 'मेरी दोस्ती और दुश्मनी औपचारिक नहीं होती'**

कुणाल घोष और अरूप बिस्वास जैसे तृणमूल नेताओं के साथ अपने संबंधों के बारे में घोष ने कहा कि मैं उन्हें लंबे समय से जानता हूं और उनके साथ व्यक्तिगत तालमेल है। इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने मुस्कराते हुए कहा कि मेरी दोस्ती और दुश्मनी औपचारिक नहीं होती।

# हाई कोर्ट ने बागनान में मोहर्रम यात्रा की दी सशर्त अनुमति

**कोलकाता/हावड़ा, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने हावड़ा जिले के बागनान इलाके में प्रस्तावित मोहर्रम यात्रा को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दे दी है। बता दें कि पहले स्थानीय पुलिस द्वारा अनुमति न दिए जाने के बाद आयोजकों ने अदालत का दरवाज़ा खटखटाया था। मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने साफ निर्देश दिया कि इस मजहबी यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के हथियार का प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, जुलूस में अधिकतम 150 लोगों को ही शामिल होने की अनुमति दी गई है। यात्रा नाजाख इमामबाड़ा-दक्षिणपाड़ा से शुरू होकर खाजुटी मोड़ तक जाएगी और फिर वहीं से लौटेगी। अदालत ने समय सीमा भी तय की है। जुलूस की शुरुआत शाम 5.30 बजे के बाद होनी चाहिए और इसे रात 8से 8.30 बजे के बीच समाप्त करना अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बागनान थाने की ओर से आयोजकों को मना कर दिया गया था, क्योंकि उसी दिन दो अन्य जुलूस पहले से ही निर्धारित थे, एक दोपहर 12.30 बजे से और दूसरा शाम 5.30 बजे तक। इसी के मद्देनज़र आयोजकों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने यह भी निर्देश दिया कि आयोजन के दौरान ट्रैफिक कानूनों और अन्य सभी प्रशासनिक नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। किसी भी प्रकार की अशांति न फैले, इसके लिए पुलिस को सतर्क रहने को कहा गया है। आवश्यकता पड़ने पर हावड़ा रूरल पुलिस जिला के पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त बल तैनात करने का फैसला ले सकते हैं।

## एचएंडएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड ने राजकोट में सबसे बडे सोलर पैनल फ्रेम प्लांट का उद्घाटन किया

**कोलकाता :** गुजरात स्थित एचएंडएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड ने राजकोट में भारत का सबसे बडा और सबसे उन्नत एल्युमीनियम सोलर फ्रेम मैन्युफेक्चरिंग प्लांट शुरू किया है। राजकोट के चिभडा गांव में 24,000 मेट्रिक टन (एमटी) प्रति वर्ष क्षमता वाला यह प्लांट भारत में 6 गीगावाट तक के सौर संयंत्रों को सपोर्ट कर सकता है। इस विषय पर अधिक जानकारी बताते हुए एचएंडएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक उत्तम पटेल ने बताया कि यह एक ही स्थान पर भारत का सबसे बडा और सबसे उन्नत सोलर पैनल एल्युमीनियम फ्रेम प्लांट होगा और हमने इसे लगभग एक वर्ष के रिकॉर्ड समय में स्थापित किया था। हम राज्य सरकार और सभी संबंधित विभागों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं।

# नाच प्रतियोगिता के बहाने नाबालिग का अपहरण, बिहार से सुरक्षित बरामद की गई लड़की



**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर की एक 12 वर्षीय नाबालिग लड़की को नाच प्रतियोगिता में मौका देने के बहाने अपहरण कर बिहार ले जाने का मामला सामने आया है। घटना दक्षिण 24 परगना के उस्ति थाना क्षेत्र की है, जहां लड़की को सोशल मीडिया पर खुद को नृत्य प्रशिक्षक बताने वाले एक युवक ने फंसाया। आरोपी ने नाबालिग को नृत्य प्रतियोगिता में मौका दिलाने का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसाया और अपहरण कर लिया। परिवार की शिकायत पर डायमंड हार्बर जिला पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और एक सप्ताह के अंदर बिहार के जहानाबाद जिले से नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक ने सोशल मीडिया पर खुद को प्रसिद्ध नृत्य प्रशिक्षक के रूप में पेश किया था और कई निजी चैनलों में प्रतियोगिताओं में मौका दिलाने के झूठे वादे कर नाबालिग को फंसाया। डायमंड हार्बर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (जोनल) मितुन कुमार दे ने बताया कि पुलिस की विशेष टीम ने जहानाबाद के काको थाना क्षेत्र से नाबालिग को ढूंढ निकाला और उसे परिवार के सुपुर्द कर दिया। यह सफलता जिला पुलिस के लिए महत्वपूर्ण है। फिलहाल, आरोपी युवक अभी भी फरार है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# बनारस ओवरब्रिज पर भारी वाहनों पर रोक, नया पुल नवंबर 2025 तक होगा तैयार

**हावड़ा, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे और हावड़ा जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से बनारस रोड ओवरब्रिज पर 5 टन से अधिक भार वाले मालवाहक वाहनों, बसों और मिनीबसों की आवाजाही पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय ओवरब्रिज की जर्जर स्थिति को देखते हुए लिया गया है। 1933 में बना यह पुल अब अपनी आयु पूरी कर चुका है। इसके स्टील गर्डर बुरी तरह क्षतिग्रस्त और जंग लगे हुए हैं, जिससे इसकी भार वहन क्षमता घट गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह पुल अब भारी वाहनों का भार सहन करने में सक्षम नहीं है।

रेलवे प्रशासन ने पहले भी इस पर पत्राचार कर भारी वाहनों की आवाजाही रोकने का अनुरोध किया था ताकि कोई दुर्घटना न हो। निर्माणाधीन नए ओवरब्रिज का काम तेजी से चल रहा है और इसके नवंबर 2025 तक पूरा होने की संभावना है। तब तक भारी माल-वाहक वाहन, बसें और मिनीबसों को पूर्व निर्धारित वैकल्पिक मार्गों – बेलगछिया, चटर्जीपाड़ा, फाशीटाला और भारी वाहनों के लिए कोना मोड़ से कोना एक्सप्रेसवे/बाली की ओर मोड़ा जाएगा। इस संदर्भ में हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट और जिला प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है ताकि सड़क उपयोगकर्ताओं और रेलवे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। रेलवे प्रशासन ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए रोड ब्लॉक की भी अनुमति मांगी है ताकि नए ओवरब्रिज के एप्रोच और अबटमेंट का कार्य शीघ्र पूरा हो सके।

# कालीगंज विस्फोट मामले में एक और गिरफ्तार, अब तक 10 लोग गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कालीगंज में उपचुनाव के नतीजों के बाद हिंसक जश्न के दौरान हुए बम विस्फोट में 13 वर्षीय बच्ची की मौत के मामले में पुलिस ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में कुल गिरफ्तारियों की संख्या अब दस हो गई हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित को गुरुवार की रात नदिया जिले के पलाशी इलाके से पकड़ा गया। शुक्रवार को उसे स्थानीय अदालत में पेश किया गया। अधिकारी ने यह भी बताया कि इस मामले में कुल 24 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि गत 23 जून को नदिया ज़िले के मोलंदी गांव में उस समय हुई जब कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों द्वारा विधानसभा उपचुनाव के परिणामों की घोषणा से पहले ही विजय जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान बम फेंके गए, जिसमें एक 13 वर्षीय बच्ची की जान चली गई। इससे पहले पुलिस ने इस घटना में संलिप्तता के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया था।

## ट्रूफ्लो बाय हिंदवेयर ने रुड़की प्लांट के उद्घाटन के साथ मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क का विस्तार किया

**कोलकाता :** ट्रूफ्लो बाय हिंदवेयर ने रुड़की (उत्तराखंड) में अपने तीसरे अत्याधुनिक प्लांट का उद्घाटन किया और ट्रायल प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। 170 करोड़ के निवेश से बने इस प्लांट की प्रारंभिक उत्पादन क्षमता 12,500 टीपीए है। उद्घाटन संदीप सोमानी (चेयरमैन, सोमानी इम्प्रेसा ग्रुप) और शाश्वत सोमानी (स्ट्रेटजी हेड) ने किया। इससे ट्रूफ्लो की कुल उत्पादन क्षमता 80,500 टीपीए हो गई। नया प्लांट सीपीवीसी, यूपीवीसी, एसडब्ल्यूआर, पीवीसी पाइप और टैंक बनाएगा और 200 रोजगार पैदा करेगा। सीईओ राजेश पजनू ने इसे उत्तर-पश्चिम भारत में उत्पाद पहुँच बढ़ाने का अहम कदम बताया। ट्रूफ्लो का नेटवर्क 320+ डिस्ट्रीब्यूटर्स और 30,000+ डीलर्स तक फैला है और कंपनी 1 लाख प्लंबरों के डेटाबेस के साथ जुड़ाव को भी मज़बूत कर रही है।

## उत्तरपाड़ा में चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार



**हुगली, समाज्ञा :** जिले में उत्तरपाड़ा थाना अंतर्गत कोन्नगर इलाके में एक बंद घर में हुए चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को घटना की जानकारी देते हुए चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी (श्रीरामपुर) अर्णब विश्वासन बताया कि यह वारदात 29 जून की रात या उससे पहले हुई जब घर की मालकिन अर्चना चटर्जी पिछले सात-आठ दिनों से बाहर थीं। जब एक जुलाई को वह अपने घर लौटीं, तो उन्होंने देखा कि घर के दरवाजे और अलमारी टूटे हुए हैं, घर से सोने-चांदी के आभूषण, नकदी और अन्य कीमती सामान चोरी हो चुके हैं। उन्होंने तत्काल उत्तरपाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई। गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर उत्तरपाड़ा पुलिस ने दो जुलाई को तीन युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों के नाम शशि कुमार प्रसाद (18), अभिषेक चौधरी (18) और मो. साहिल (22) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी रिषड़ा के निवासी है। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के बाद उनके कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के गहने, फैंसी आभूषण और अन्य सामान बरामद कर लिए हैं। पुलिस अनुसार, आरोपितों से पूछताछ जारी है और इस चोरी में शामिल अन्य लोगों की तलाश भी की जा रही है।

## नकली नोटों के साथ युवक गिरफ्तार, गिरोह से जुड़ाव की जांच में जुटी पुलिस

**हावड़ा :** हावड़ा सिटी पुलिस की गुप्तचर शाखा ने गुप्त सूचना के आधार पर एक अभियान चलाकर नकली नोटों के तस्कर रमीज राज लस्कर उर्फ विक्की (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसे बुधवार रात हावड़ा कोना चौराहे के पास से पकड़ा गया। पुलिस को लंबे समय से संदेह था कि रमीज नकली नोटों की तस्करी करने वाले एक बड़े गिरोह का सक्रिय सदस्य है। उसकी तलाश काफी समय से की जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान की जा सके और यह पता लगाया जा सके कि नकली नोटों की आपूर्ति किन-किन इलाकों में की जा रही थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रमीज की गिरफ्तारी से नकली करेंसी गिरोह के नेटवर्क को उजागर करने में बड़ी सफलता मिल सकती है।

## बारासात में विवाहित महिला से दरिंदगी, आरोपी पड़ोसी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारासात में एक विवाहित महिला के साथ दरिंदगी की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें पड़ोसी युवक पर महिला को जबरन उठाकर अपने घर ले जाकर बलात्कार करने का आरोप लगा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को मध्यमग्राम से गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी शहजाद अली (45) लंबे समय से अपने पड़ोस में रहने वाली महिला को अश्लील प्रस्ताव देता था और रास्ते में आते-जाते उसे परेशान करता था। 12 मई की शाम जब महिला इलाके की एक दुकान पर गई थी, उसी दौरान शहजाद ने उसका मुंह दबाकर जबरन उसे उठा लिया और अपने घर ले जाकर बलात्कार किया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुरुवार रात गुप्त अभियान चलाकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को आरोपी को बारासात अदालत में पेश किया गया।



## न्यूज इन ब्रीफ

### कौशांबी में ममेरी बहन से दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

**कौशांबी :** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में पुलिस ने ममेरी बहन के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिले के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीया पीड़िता ने पिपरी थाने में बृहस्पतिवार को तहरीर दी थी जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उसकी बुआ के लड़के अजय कुमार (35) ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर अजय कुमार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि थाना पिपरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

### तेज रफ्तार बोलेरो दीवार में घुसी; दूल्हे समेत पांच बारातियों की मौत

**संभल (उप्र) :** संभल जिले के जुनावई थाना इलाके में शुक्रवार को बारात लेकर जा रही एक तेज रफ्तार बोलेरो जीप के एक स्कूल की दीवार में टक्कर मार देने से दूल्हे समेत पांच बारातियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिणी क्षेत्र की अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनुकृति शर्मा ने बताया कि जुनावई में एक नई बोलेरो तेज रफ्तार से आई और जनता इंटर कॉलेज की दीवार में घुस गई। उन्होंने बताया कि बोलेरो में एक बारात जा रही थी जिसमें दूल्हा भी सवार था। सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य में जुट गई। उन्होंने बताया कि जुनावई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर पांच लोग मृत अवस्था में लाए गए, जिनमें दूल्हा सूरज (24), उसकी भाभी आशा (26) और आशा की बेटी ऐश्वर्या (दो) छह वर्षीय बालक विष्णु पुत्र मनोज और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल था। एएसपी ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि बोलेरो की रफ्तार बहुत तेज थी और वह अनियंत्रित हो गई, जिसके बाद स्कूल की दीवार से टकरा गई। उन्होंने बताया कि वाहन में कुल 10 लोग मौजूद थे। चार अन्य घायलों को इलाज के लिए अलीगढ़ भेजा गया है।

### सीकर में 18 लाख रुपये की नकदी सहित एटीएम उखाड़ ले गए बदमाश

**सीकर :** राजस्थान के सीकर जिले में बृहस्पतिवार देर रात अज्ञात बदमाश एक एटीएम उखाड़कर ले गए। पुलिस के अनुसार एटीएम में 18 लाख रुपये की नकदी थी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना अजीतगढ़ थाना क्षेत्र में चौमू रोड पर हुई। अजीतगढ़ के थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि नारोलिया भवन की दुकानों के पास स्थित एटीएम को देर रात करीब दो बजे निशाना बनाया गया। लगभग छह नकाबपोशों ने एटीएम पर गार्ड को दबोच लिया, उसका मुंह बंद कर दिया और उसके हाथ-पैर बांध दिए। जब गार्ड ने विरोध किया तो बदमाशों ने उसे लोहे की रॉड से पीटा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद हमलावरों ने एटीएम की बिजली और सीसीटीवी कैमरे के तार काट दिए और एटीएम उखाड़ लिया। भागने से पहले उन्होंने गार्ड का मोबाइल फोन भी छीन लिया। हालांकि गार्ड ने किसी तरह आसपास के लोगों और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह बैंक के अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### पैसे के लेनदेन के विवाद में युवक की धारदार हथियार से हत्या

**प्रयागराज :** जिले के यमुना नगर के नैनी थाना क्षेत्र के डांडी में पैसे के लेनदेन के विवाद में शुक्रवार शाम एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि आज शाम पुलिस को सूचना मिली कि डांडी में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान मोहम्मद शीबू (32) के रूप में हुई है। उनके मुताबिक, प्रथम दृष्टया यह हत्या पैसे के लेनदेन के विवाद के कारण की गई। यादव ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' जरूरी : योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से चुनौतियों पर खरा उतरने की अपेक्षा करते हुए कहा कि सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' जरूरी है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक पीसीएस-2022 बैच के सात और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है और यह चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा, उत्तर प्रदेश जैसे राज्य की सेवा का अवसर प्राप्त होना न केवल गौरव की बात है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को गहराई से परखने और निखारने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सेवा के प्रारंभिक पांच-छह वर्षों के दौरान अधिकारियों का व्यवहार, दृष्टिकोण और कार्यशैली उनके आने वाले तीन-चार दशकों की दिशा तय कर देता है। योगी ने कहा, जनता से जुड़ाव और फैसलों में योग्यता को प्राथमिकता दीजिए। एक अधिकारी के रूप में सभी गरीब और कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों का ध्यान भूमि विवादों, पैमाइश और मेड़बंदी जैसे विषयों की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि इनमें देरी से जनता में निराशा आती है, इन विषयों के प्रति विशेष संवेदनशीलता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को त्वरित न्याय दिलाना अधिकारियों की कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए और प्रदेश में राजस्व के लाखों मामले लंबित हैं इसलिए अधिकारियों के निर्णयों और सक्रियता से लोगों को राहत मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा, आपका योगदान आने वाले समय में राज्य की नीति और जनता की नियति दोनों को प्रभावित करेगा। पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करें।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ महागठबंधन 9 जुलाई को चक्का जाम करेगा : तेजस्वी



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में उनकी पार्टी के नेतृत्व वाला विपक्षी महागठबंधन राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में अगले सप्ताह चक्का जाम जाम करेगा। विपक्ष के नेता ने '9 जुलाई को चक्का जाम' करने की फेसबुक पर घोषणा की। उन्होंने महागठबंधन के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय का दौरा करने के तुरंत बाद 'फेसबुक लाइव' किया। उन्होंने कहा, 'हमने विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज कराई है, जो कमजोर वर्गों को उनके मताधिकार से वंचित करने की साजिश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह डर है कि राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) आगामी विधानसभा चुनाव हार सकता है।' पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची संशोधन पर नियमित रूप से अद्यतन जानकारी साझा करने के साथ एक डैशबोर्ड विकसित करने का अनुरोध किया है। अगर वे आश्वस्त हैं कि वे एक महीने से भी कम समय में 8 करोड़ मतदाताओं से जुड़ी इस प्रक्रिया को पूरा कर लेंगे, तो उन्हें नियमित रूप से अद्यतन जानकारी साझा करने से पीछे नहीं हटना चाहिए।' राजद नेता ने कहा कि विपक्ष ने निर्वाचन आयोग के साथ अपनी चिंताओं को साझा किया है, लेकिन पटना में अधिकारी 'कोई भी निर्णय लेने में शामिल नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'और हर कोई जानता है कि कौन फैसले ले रहा है।' राजद नेता ने कहा, 'हम बिहार के लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हैं। हम उनके साथ हैं और 9 जुलाई को महागठबंधन, भाजपा नीत राजग को लाभ पहुंचाने की इस साजिश के विरोध में चक्का जाम करेगा।' उन्होंने इससे पहले दिन में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लिया। उन्होंने लोगों से 'कल(शनिवार को) राजद की राष्ट्रीय परिषद में बड़ी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया, जब लालू प्रसाद को औपचारिक रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर फिर से चुने जाने की घोषणा की जाएगी।'

## उत्तर प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं : कृषि मंत्री शाही

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में खाद की कोई कमी नहीं है और सरकार प्रदेश के किसानों को समय से खाद और बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से सक्रिय है। कृषि मंत्री शाही ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि जायद की फसलों की बुवाई शुरू हो चुकी है और किसानों को आवश्यकता अनुसार बीज और उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। खरीफ सीजन में किसानों को किसी भी प्रकार की खाद की कमी न हो, इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। शाही ने बताया कि इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में अब तक 27 लाख मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध हो चुका है इसके अलावा 10 लाख मीट्रिक टन यूरिया की और आपूर्ति की जा रही है, जिससे कुल उपलब्धता 37 लाख मीट्रिक टन तक रहेगी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष खरीफ में 32.84 लाख मीट्रिक टन यूरिया की खपत हुई थी, इस बार उससे अधिक खाद मौजूद है। मंत्री ने कहा कि खाद वितरण में अनियमितता और कालाबाजारी की शिकायतों पर सरकार ने कतई न बर्दाश्त करने की नीति के तहत कड़ी कार्रवाई की है। अब तक 26 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और 580 फुटकर विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। बलरामपुर जिले के उतरौला क्षेत्र में शिकायत मिलने पर जांच के बाद जिला कृषि अधिकारी बलरामपुर को निलंबित कर दिया गया है।

## महिला सशक्तीकरण के लिए कृत संकल्पित है राजस्थान सरकार : मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने यहां राज्य महिला सदन, सांगानेर में सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। शर्मा ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जरुरतमंदों का सहारा बन रहे हैं, ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन राज्य सरकार की सामाजिक समावेशन और महिला सशक्तीकरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह आयोजन सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित बेटियों के लिए एक नया सवेरा है। इससे उन्हें सम्मान, स्नेह और आत्मनिर्भरता की राह मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के बाद 1,900 से अधिक युवकों ने यहां की बेटियों से विवाह के लिए आवेदन किया था। इनमें से 11 योग्य युवकों का चयन किया गया, जो आज हमारी लाडलियों के जीवनसाथी बने हैं। यह चयन प्रक्रिया पारदर्शी रही, इसमें बेटियों के सम्मान और उनकी पसंद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।' आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा कि सरकार का दृढ़ संकल्प है कि राज्य की हर बेटी, हर महिला न केवल आत्मनिर्भर बने, बल्कि समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। प्रदेश सरकार ने उनके कल्याण और सशक्तीकरण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनका सीधा लाभ लाखों बालिकाओं और महिलाओं तक पहुंच रहा है।

## उत्तर प्रदेश में दो नए निजी विश्वविद्यालयों के संचालन को मंजूरी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा की व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने दो नए निजी विश्वविद्यालयों के संचालन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापना की अनुमति दे दी है। साथ ही गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए आशय पत्र जारी कर दिया है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र की भागीदारी के जरिए उच्च शिक्षा में नवाचार और बुनियादी ढांचे के विकास को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थानों तक पहुंच प्रदान करने के लिए दोनों विश्वविद्यालय प्रस्तावों को समयबद्ध प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई है। मंत्री ने बताया कि अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत आधिकारिक रूप से अधिसूचित कर अनुमति प्रदान कर दी गई है। यह विश्वविद्यालय अब निर्धारित शर्तों और आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार औपचारिक रूप से संचालित हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह भारतीय प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग सोसायटी, गाजियाबाद द्वारा प्रस्तावित अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा छह के तहत आशय पत्र जारी किया गया है।

## 'मुड़िया पूनो' के दौरान मंडल स्तरीय अधिकारी की अनुमति के बिना ट्रेन का प्लेटफार्म नहीं बदला जाएगा

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा में शुक्रवार से शुरू हुए प्रसिद्ध 'मुड़िया पूनों' मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने निर्णय लिया है कि मेले के दौरान बिना मंडल स्तर के अधिकारी की अनुमति के किसी भी ट्रेन का प्लेटफॉर्म नहीं बदला जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में चार से 11 जुलाई तक आयोजित होने वाले मुड़िया पूनो मेले में डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। मण्डल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल एवं वरिष्ठ मण्डल रेल सुरक्षा आयुक्त पी राजमोहन 'मुड़िया पूनों' मेले के अवसर पर की गईं तैयारियों का जायजा लेने मथुरा जंकशन स्टेशन पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर भारी भीड़ होने पर किसी भी प्रकार की भगदड़ या ऊहापोह की स्थिति से बचने के लिए स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों को मण्डल स्तरीय अधिकारी की अनुमति के बिना ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा करने की इजाजत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदलने के लिए स्थानीय रेलवे अफसर मण्डल के अधिकारियों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराएंगे जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारी आवश्यक समझेंगे तो प्लेटफॉर्म बदलने की अनुमति देंगे। अधिकारियों ने बताया कि करीब पांच माह पूर्व नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म परिवर्तन के चलते घटी घटना की पुनरावृति टालने के लिए ऐसा किया जा रहा है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर फरवरी में मची भगदड़ के कारण 18 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी और एक दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वे प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में जाने के लिए निकले थे। उन्होंने बताया कि 'मुड़िया पूनों' मेले में भीड़ प्रबंधन के लिए यात्रियों को केवल प्रथम व तृतीय प्रवेश द्वार से ही प्रवेश दिया जाएगा तथा निकासी के लिए द्वितीय प्रवेश द्वार का उपयोग करना होगा। इसी प्रकार, एक प्लेटफॉर्म से दूसरे पर जाने के लिए बने पुराने पुल का उपयोग केवल प्लेटफॉर्म पर पहुंचने के लिए किया जा सकेगा, जबकि नए पुल का उपयोग आने व जाने दोनों के लिए किया जा सकेगा।

## बिहार में कॉलेज प्राचार्यों की नियुक्ति के लिए लॉटरी व्यवस्था पर मायावती का तीखा हमला

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने पटना विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में लॉटरी के जरिए प्राचार्यों की नियुक्ति किए जाने की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से इस 'विकृत प्रयोग' का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक लंबी पोस्ट में बिहार में लॉटरी के जरिए प्राचार्यों की नियुक्ति किये जाने की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'बिहार के प्रसिद्ध पटना विश्वविद्यालय के पांच प्रतिष्ठित कालेजों में 'लाटरी' की नयी व्यवस्था के तहत प्रिन्सिपलों की नियुक्ति का मामला दिलचस्प होने के कारण देश भर, खासकर मीडिया व शिक्षा जगत में काफी चर्चाओं में है।' मायावती ने कहा, 'स्थापित परम्परा से हटकर लाटरी के जरिए नियुक्ति की विचित्र व्यवस्था लागू करने के कारण केवल कला (आर्ट्स) विषयों की पढ़ाई वाले 1863 में स्थापित पटना कॉलेज में कैमिस्ट्री के प्राध्यापक प्रोफेसर अनिल कुमार प्राचार्य बन गये हैं।' उन्होंने दावा किया, 'बिहार विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान की प्राचार्य प्रोफेसर अल्का यादव, विज्ञान की उच्च शिक्षा के लिए प्रख्यात पटना साइन्स कॉलेज की नयी प्रिन्सिपल नियुक्त हुयी हैं।' उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार की नियुक्ति वाणिज्य महाविद्यालय में भी हुई है जहां पहली बार कला संकाय की महिला प्राध्यापक डॉ. सुहेली मेहता प्राचार्य बन गई, हालांकि उनके विषय की पढ़ाई यहां इस कालेज में नहीं होती है।

## झारखंड सरकार और उपभोक्ताओं को दे सकती है 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना का लाभ : अधिकारी

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना का विस्तार टाटा स्टील यूआईएसएल, सेल(बोकारो) और बीसीसीएल (धनबाद) के बिजली उपभोक्ताओं तक कर सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आश्वासन शहरी विकास, ऊर्जा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को राज्य विधानसभा में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक और जनता दल यूनाइटेड (जद-यू) विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में हुई विधायी समिति की बैठक के दौरान दिया। राय ने यहां जारी एक बयान में कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित एक समिति ने मामले का अध्ययन किया है और अन्य बिजली सेवा प्रदाताओं के उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली और सब्सिडी वाले पेयजल कनेक्शन जैसे लाभ देने की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि अब इस सिफारिश को अंतिम मंजूरी के लिए राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। राय के मुताबिक, सरकार ने राज्य कर्मचारी बीमा योजना (एसईआईएस) के प्रावधानों में संशोधन करने पर भी सहमति व्यक्त की है, ताकि इसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए वैकल्पिक बनाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि जमशेदपुर पश्चिम से विधायक राय ने यह मुद्दा बजट सत्र के दौरान विधानसभा में उठाया था। शहरी विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समिति ने विभिन्न इलाकों में जल कनेक्शन शुल्क की समीक्षा की और सिफारिश की कि शुल्क 7,000 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। राय ने कहा कि इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी।

## झारखंड में पति ने पत्नी को चलती ट्रेन से दिया धक्का, बाल-बाल बची जान

**रामगढ़ :** उत्तर प्रदेश के रहने वाले 25 वर्षीय एक व्यक्ति ने शुक्रवार को झारखंड में अपनी पत्नी को चलती ट्रेन से कथित तौर पर धक्का दे दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि महिला हालांकि बाल-बाल बच गई और रांची के रिम्स में उसका उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब पति-पत्नी मंगलवार को बरकाकाना से वाराणसी जाने के लिए वाराणसी एक्सप्रेस में सवार हुए। अधिकारी ने बताया कि ट्रेन जब पूर्व मध्य रेलवे संभाग के अंतर्गत भुरकुंडा और पतरातू रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची तभी महिला को उसके पति ने चलती ट्रेन से कथित तौर पर धक्का दे दिया। उन्होंने बताया कि महिला पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी और घायल हो गयीं। अधिकारी ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने महिला को बचाया और उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) स्थानांतरित कर दिया। बरकाकाना के जीआरपी प्रभारी अधिकारी मनोहर बारला ने बताया कि रेलवे लाइनमैन ने घायल महिला को गड्ढे में देखा और पतरातू में आरपीएफ को इसकी सूचना दी।

## बिहार में कांग्रेस बांटेगी मुफ्त सैनिटरी पैड, पैकेट पर राहुल की फोटो को लेकर राजग ने जताई आपत्ति

**पटना :** बिहार में कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह पांच लाख महिलाओं के बीच मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित करेगी। वहीं, पैकेट पर राहुल गांधी की तस्वीर होने को लेकर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने कांग्रेस की आलोचना की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने यहां पार्टी मुख्यालय 'सदाकत आश्रम' में अभियान की शुरुआत की घोषणा की, जहां महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा भी मौजूद थीं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी (बीपीसीसी) के अध्यक्ष कुमार ने मुफ्त वितरित किए जाने वाले सैनिटरी पैड के पैकेट भी दिखाए। उन्होंने कहा, 'यह अभियान 'माई बहिन सम्मान' योजना के तहत 2,500 रुपये मासिक सहायता देने के वादे के अनुरूप है जिसे 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आने पर लागू करेगा। हमारा इरादा मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराना है।' जनता दल (यूनाइटेड) एमएलसी और प्रवक्ता नीरज कुमार ने पैकेट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीर पर कड़ी आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि 'कांग्रेस ने अपने सहयोगी राजद से सीख ली है, जो अपनी अवसरवादी राजनीति के लिए जानी जाती है।' उन्होंने कहा, 'हमारे नेता नीतीश कुमार महिला सशक्तीकरण के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और परिणाम सबके सामने हैं। लेकिन कांग्रेस ने महिलाओं की गरिमा का अपमान किया है।' भाजपा प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने आरोप लगाया, 'बिहार में महिलाओं के लिए जो कुछ भी करने की जरूरत है, वह सरकार द्वारा किया जा रहा है। लेकिन, आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी संभावनाओं को लेकर चिंतित कांग्रेस ने अपना वैचारिक दिवालियापन दिखा दिया है। इसके नेता राहुल गांधी मर्यादा की भावना के अभाव के लिए कुख्यात रहे हैं। ऐसा लगता है कि यह विशेषता इस पार्टी में व्याप्त है, जिसमें चाटुकारिता सर्वोपरि है।' इस बीच, लांबा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए पलटवार करते हुए कहा, 'आधुनिक युग में सवाल यह नहीं है कि पैकेट पर राहुल गांधी की तस्वीर क्यों है।

## ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने बिहार में गठबंधन के लिए लालू को लिखा पत्र

**पटना :** असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई है। महागठबंधन में इस समय राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वाम दल शामिल हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की बिहार इकाई के अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को पत्र लिखकर औपचारिक रूप से महागठबंधन में शामिल होने का अनुरोध किया है। ईमान राज्य में पार्टी के एकमात्र विधायक हैं। दो जुलाई को लिखा गया यह पत्र पार्टी नेताओं ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। अख्तरुल ईमान ने कहा कि बिहार में 'इंडिया' गठबंधन में एआईएमआईएम को शामिल करने से 'धर्मनिरपेक्ष मतों के विभाजन को रोका जा सकेगा'। उन्होंने दावा किया, 'ऐसा होने पर यह सुनिश्चित होगा कि राज्य में अगली सरकार महागठबंधन की बनेगी।' ईमान ने कहा कि उनकी पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन में शामिल होने की कोशिश की थी और इस बार उन्होंने (ओवैसी) ''कांग्रेस और वाम दलों के नेताओं से फोन पर बात कर अपनी इच्छा जाहिर कर दी है'। एआईएमआईएम ने 2020 के विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता वाली तत्कालीन राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (आरएलएसपी) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था।

# 'बाहरी लोगों' के प्रति भाजपा का झुकाव हरियाणा के निवासियों के अधिकारों को प्रभावित कर रहा : हुड्डा




**चंडीगढ़ :** कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 'बाहरी लोगों' के प्रति झुकाव हरियाणा के निवासियों के अधिकारों और रोजगार के अवसरों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां एक बयान में आरोप लगाया, 'राज्य स्तर की प्रमुख नियुक्तियों में, भाजपा सरकार ने स्थानीय युवाओं की तुलना में लगातार दूसरे राज्यों के उम्मीदवारों को तरजीह दी है। न केवल सरकारी नौकरियां, बल्कि राज्य के ठेके भी बाहरी लोगों को दिए जा रहे हैं।' हुड्डा ने कहा, 'ताजा उदाहरण दूसरे राज्य से तहसीलदार की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति है।' उन्होंने पूछा कि क्या हरियाणा के युवाओं में तहसीलदार, व्याख्याता या ऐसे अन्य पदों पर काम करने की योग्यता नहीं है। क्या हरियाणा में सरकारी काम को अंजाम देने में सक्षम कोई सक्षम ठेकेदार नहीं है? उन्होंने पूछा कि बार-बार ऐसे पदों के लिए 'बाहरी लोगों' को तरजीह क्यों दी जा रही है? कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा कि हर राज्य के स्थानीय निवासियों का अपने क्षेत्र की नौकरियों पर पहला अधिकार है। हुड्डा ने आरोप लगाया कि विभिन्न राज्य अपने स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करने के लिए नीतियां बनाते हैं, लेकिन हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां सरकार स्थानीय नौकरियों को बाहरी लोगों को वितरित करने के लिए सक्रिय रूप से नीतियां बनाती है। उन्होंने कहा, 'यह एक प्रमुख कारण है कि हरियाणा अब बेरोजगारी दर में देश में सबसे ऊपर है।' पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि कुछ दिन पहले सिंचाई विभाग में सहायक अभियंताओं की भर्ती में भी इसी तरह की प्रथा देखी गई थी, जहां सामान्य श्रेणी के 42 पदों में से 28 हरियाणा से बाहर के उम्मीदवारों को दिए गए थे। उन्होंने कहा, 'इससे पहले भी, बिजली विभाग में एसडीओ (उप मंडल अधिकारी) से लेकर व्याख्याता तक कई भर्तियों में स्थानीय युवाओं को वंचित किया गया।'

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गये : अखिलेश यादव



**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गये हैं। सपा मुख्यालय की ओर से शुक्रवार को यादव के हवाले से जारी एक बयान में कहा गया कि 'भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गये हैं, हर विभाग के हर कार्य में भ्रष्टाचार है और भाजपा सरकार ने जनता को जल जीवन मिशन, नदियों की सफाई और अन्य योजनाओं के नाम पर धोखा दिया है।' उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने दावा किया कि 'इन योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हुई है और बारिश आते ही भाजपा के 'स्मार्टसिटी योजना' की पोल खुल गयी है।' सपा प्रमुख ने कहा कि गोरखपुर, आगरा, वाराणसी, अयोध्या, अलीगढ़ समेत कई नगरों और शहरों में जगह-जगह जल भराव है और सड़कें उखड़ गयी है, नाले जाम हैं, मोहल्लों और गलियों में पानी भर जाता है और भाजपा की दिल्ली तथा लखनऊ की 'डबल इंजन' सरकार और महानगरों के नगर निगम मिलाकर 'ट्रिपल इंजन' की सरकार फेल हो गयी है। यादव ने कहा कि पिछले नौ साल में भाजपा सरकार एक भी शहर को स्मार्ट नहीं बना पायी है, सड़कें जगह-जगह खोद दी गयी हैं और आम जनता भाजपा सरकार की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार से परेशान हो चुकी है।

## झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के खिलाफ धनशोधन के मामले में ईडी के छापे

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कथित अवैध रेत खनन और जबरन वसूली से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को कई स्थानों पर छापे मारे। हजारीबाग और रांची में सुबह ही कम से कम आठ ठिकानों पर छापे मारे गए। सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि ये छापे उन आरोपों पर जारी जांच से संबंधित हैं जिनमें कहा गया है कि जबरन वसूली, अवैध रेत खनन और भूमि हड़पने जैसी गतिविधियों के जरिए भारी मात्रा में आपराधिक आय अर्जित की गई है। साव कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व कृषि मंत्री हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### नक्सलवाद अब सिर्फ पांच-छह जिलों तक सीमित: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**हैदराबाद :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि नक्सलवाद अब देश के सिर्फ पांच-छह जिलों तक सीमित रह गया है और इन स्थानों पर भी यह लंबे समय तक जारी नहीं रहेगा। स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू की 128वीं जयंती के अवसर पर सिंह ने कहा कि नक्सली केंद्र अब शिक्षा के केंद्र में तब्दील हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि लाल गलियारे के नाम से मशहूर इलाका अब तेजी से विकास के गलियारे में तब्दील हो रहा है। सरकार ने निर्णय लिया है कि अगले वर्ष 31 मार्च तक पूरे देश को नक्सल मुक्त किया जाएगा। सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान में केवल आतंकी ढांचों को निशाना बनाया गया, किसी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में पहलगाम आतंकवादी हमले जैसी कोई घटना हुई तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने अल्लूरी सीताराम राजू को एक महान योद्धा बताया और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं की सराहना की।

### पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर में ऑनलाइन दान के लिए 'डिजिटल हुंडी' की शुरुआत की

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में ऑनलाइन दान देने के लिए 'डिजिटल हुंडी' की शुरुआत की। माझी ने यहां लोक सेवा भवन (राज्य सचिवालय) में ऑनलाइन दान सुविधा की शुरुआत की और कहा कि 'डिजिटल हुंडी' श्रद्धालुओं को देश और विदेश में अपने घरों में बैठे हुए भी पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में दान करने का एक आसान तरीका प्रदान करेगी। माझी ने कहा, 'मुझे यह (डिजिटल हुंडी) घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। दुनियाभर में भगवान जगन्नाथ के भक्तों को पुरी मंदिर में दान देने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उन्हें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से दान करने में कठिनाई हो रही थी।' मुख्यमंत्री ने कहा कि नए डिजिटल मंच के जरिये श्रद्धालु आसानी से क्यूआर कोड का इस्तेमाल करके दान कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'यह क्यूआर कोड मंदिर की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। इसके लिए सभी इच्छुक बैंक श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के समन्वय से मंदिर परिसर के बाहर अपने स्वयं के क्यूआर कोड केंद्र स्थापित कर सकते हैं।'

### दिल्ली: गैंगस्टर को शादी के लिए मिली पांच घंटे की पैरोल, नरेला गांव में भारी सुरक्षा व्यवस्था

**नयी दिल्ली :** गैंगस्टर अमित उर्फ दबंग को शुक्रवार को भारी सुरक्षा के बीच दिल्ली के नरेला में अपनी शादी में शामिल होने के लिए पांच घंटे की पैरोल मिल गई। जेल में बंद अमित कभी गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया का दाहिना हाथ माना जाता था। यह शादी ताजपुर गांव में हुई जिसे गिरोह का गढ़ माना जाता है। पुलिस सूत्रों ने बताया, अमित को सीधे विवाह स्थल पर ले जाया गया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए कई टीम तैनात की गई थीं।

### उड़ान भरने से ठीक पहले एअर इंडिया के पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती कराया गया

**मुंबई :** बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान भरने से ठीक पहले एअर इंडिया के एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पायलट को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और एयरलाइन को यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरे पायलट की व्यवस्था करनी पड़ी। एअर इंडिया ने इस बात की पुष्टि की है कि चार जुलाई की सुबह उसके एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, 'चार जुलाई की सुबह हमारे एक पायलट की अचानक तबीयत बिगड़ गई। नतीजतन, पायलट बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान एआई 2414 का परिचालन करने में असमर्थ थे और ऐसी स्थिति में उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।'

# ऑपरेशन सिंदूर स्वराज की रक्षा की प्रतिबद्धता का 'सर्वोत्तम उदाहरण' था: अमित शाह

**पुणे :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत के सशस्त्र बल एवं नेतृत्व देश की संप्रभुता या स्वराज की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान यह बहुत अच्छे तरीके से प्रदर्शित हुआ। शाह ने घोड़े पर सवार मराठा सेनापति एवं पेशवा बाजीराव प्रथम की प्रतिमा के यहां राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में अनावरण के बाद कहा कि जब भी वह नकारात्मक विचारों से ग्रस्त होते हैं तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज और बाजीराव के बारे में सोचते हैं।



उन्होंने कहा कि एनडीए उनके स्मारक के लिए सबसे उपयुक्त स्थान है क्योंकि यह वह अकादमी है जहां सैन्य नेतृत्व को प्रशिक्षित किया जाता है। शाह ने कहा, 'जब भी मेरे मन में नकारात्मक विचार आते हैं, तो मैं आमतौर पर बाल शिवाजी और पेशवा बाजीराव के बारे में सोचता हूं कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच 'स्वराज' स्थापित करने में सक्षम रहे।' शाह ने कहा कि स्वराज की रक्षा करने की जिम्मेदारी अब 140 करोड़ भारतीयों पर है। उन्होंने कहा, 'जब स्वराज की स्थापना के लिए लड़ाई लड़ने का समय आया तो हमने ऐसा किया। जब स्वराज की रक्षा के लिए लड़ाई की आवश्यकता होगी तो हमारी सेना एवं नेतृत्व निश्चित रूप से ऐसा करेंगे और ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे अच्छा उदाहरण था।'

### राजा रघुवंशी हत्याकांड: अदालत ने सोनम, राज की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाई

**शिलांग :** मेघालय की एक अदालत ने इंदौर के व्यापारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में सोनम रघुवंशी और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाहा की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 14 दिन के लिए बढ़ा दी। अदालत ने 21 जून को दो मुख्य आरोपियों - राजा की पत्नी सोनम और राज को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जो शुक्रवार को समाप्त हो गई। सरकारी वकील तुषार चंदा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, अदालत ने सोनम और राज की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। सुनवाई आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई। राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश रचने और हत्या की सुपारी देने के आरोपी सोनम और राज को शिलांग जिला जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत के समक्ष पेश किया गया।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने सिविल लाइंस में अपने कार्यालय का उद्घाटन किया



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सिविल लाइंस इलाके में राज निवास मार्ग पर अपने नए कैंप कार्यालय 'जन सेवा सदन' का उद्घाटन किया। लोक निर्माण विभाग ने गुप्ता को एक ही मार्ग पर दो बंगले आवंटित किए हैं जिनमें से एक उनका आवास होगा और दूसरा उनका कार्यालय होगा। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि जन सेवा सदन में मुख्यमंत्री जनसुनवाई करेंगी। मिश्रा ने यह भी दावा किया कि यह पहली बार है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यालय जनता के लिए खोला जा रहा है। कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर हवन किया गया जिसमें गुप्ता और उनका परिवार शामिल हुआ। दूसरे बंगले में नवीनीकरण का कार्य जारी है जहां उनका आधिकारिक आवास होगा। वह अभी उत्तरी दिल्ली के शालीमार बाग में रहती हैं।

## कांग्रेस अक्सर भारत के बजाय चीन को फायदा पहुंचाने वाला रुख अपनाती है : भाजपा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल ने बार-बार ऐसा रुख अपनाया है, जिससे भारत के बजाय चीन को फायदा होता है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस के इस बयान के बाद आई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत केंद्र सरकार को भारत-चीन संबंधों पर संसद में चर्चा के लिए तैयार होना चाहिए, ताकि पड़ोसी देश द्वारा सीधे और पाकिस्तान के माध्यम से भारत के समक्ष पैदा की जाने वाली भू-राजनीतिक एवं आर्थिक चुनौतियों पर सामूहिक प्रतिक्रिया के लिए आम सहमति बनाई जा सके। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सेना के उप प्रमुख (क्षमता निर्माण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने सार्वजनिक रूप से इस बात की पुष्टि की है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप पर 'ऑपरेशन सिंदूर' को अचानक रोक दिया गया। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कुछ विवरण का खुलासा किया है कि चीन ने पाकिस्तानी वायु सेना की मदद की थी। यह वही चीन है, जिसने पांच साल पहले लद्दाख में यथास्थिति को पूरी तरह से खत्म कर दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 19 जून 2020 को सार्वजनिक रूप से उसे 'क्लीन चिट' दे दी थी।'' रमेश की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि अगर चीन भारत को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल कर रहा है, तो कांग्रेस ने देश की आंतरिक एकता और अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता को कमजोर करके उसका काम आसान कर दिया है।

## मराठी को लेकर हिंसा का सहारा लेना अस्वीकार्य, आप इस बारे में हठी नहीं हो सकते: फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में लोगों से मराठी बोलने की अपेक्षा करना गलत नहीं है, लेकिन इसके लिए हिंसा का सहारा लेना अस्वीकार्य है और इस बारे में कोई भी 'हठी' नहीं हो सकता। उन्होंने इस मुद्दे पर कानून को अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी हाल में हुई एक घटना के जवाब में आई है, जिसमें महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने ठाणे जिले के भयंदर में एक 'फूड स्टॉल' मालिक पर मराठी न बोलने के कारण हमला किया था। इसके अलावा, मुंबई में एक व्यवसायी ने बयान जारी कर कहा था कि वह कई



वर्षों से शहर में रहने के बावजूद मराठी नहीं बोलेगा। फडणवीस ने यहां विधानभवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'आप महाराष्ट्र में लोगों से मराठी बोलने के लिए कह सकते हैं, लेकिन आप मराठी को लेकर हठी नहीं हो सकते।' उन्होंने कहा, 'मराठी लोगों में अन्य भाषाओं के प्रति इतनी नफरत नहीं हो सकती।' भाषाई श्रेष्ठता के प्रति आगाह करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं भी मराठी हूं। अन्य राज्यों में भी मराठी लोग काम कर रहे हैं। अगर वहां भी उनके साथ ऐसा ही व्यवहार होता है तो यह उचित नहीं होगा। जो कोई भी कानून अपने हाथ में लेगा, उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।' उन्होंने भाषाओं को लेकर चुनिंदा तरीके से आक्रोश व्यक्त किये जाने की आलोचना की और कहा, 'मुझे कभी-कभी आश्चर्य होता है कि ये लोग अंग्रेजी को कैसे अपना लेते हैं, लेकिन हिंदी को लेकर विवाद पैदा करते हैं। यह किस तरह की सोच है?'

### विवेकानंद की शिक्षाएं आज भी हर भारतीय के दिल में गूंजती हैं: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दार्शनिक एवं विचारक स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी हर भारतीय के दिल में गूंजती हैं। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'स्वामीजी की दी शिक्षाएं आज भी हर भारतीय के दिल में गूंजती हैं और उनकी शिक्षाएं आध्यात्मिक चेतना वाले युवाओं के नेतृत्व में एक मजबूत राष्ट्र की भावना को प्रज्वलित करती हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'भारत के सबसे महान संतों में से एक को मेरा नमन।' महान आध्यात्मिक नेता, दार्शनिक और विचारक स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था और चार जुलाई 1902 को उनका निधन हो गया था। उन्हें 1893 में अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में अपने अविस्मरणीय संबोधन के लिए याद किया जाता है जहां उन्होंने भारत की संस्कृति और परंपरा को मजबूत छवि के साथ दुनिया के सामने पेश किया था।

### लाल सिग्नल पर लोको पायलट की सतर्कता जांचें: रेल मंत्रालय का सभी जोन को निर्देश

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने सुरक्षा उल्लंघन की घटनाओं में वृद्धि के मद्देनजर अपने सभी जोन को लाल सिग्नल और ढलानों पर परिचालन के दौरान ट्रेन को नियंत्रित करने तथा गति प्रतिबंधों एवं ब्रेक तकनीक का पालन करने के मामले में ट्रेन चालक दल की सतर्कता जांचने के लिए 15 दिन का विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने अधिकारियों से तीन से 18 जुलाई तक एक अभियान चलाने को कहा है, जिसमें 'सिग्नल पास्ड एट डेंजर' (एसपीएडी) के कारणों को दर्ज किया जाएगा। एसपीएडी का अर्थ ट्रेन के बिना अनुमति के खतरनाक रूप से लाल सिग्नल को पार करने से है, जो मानवीय चूक का नतीजा हो सकता है। सभी जोन को दो जुलाई को भेजे पत्र में मंत्रालय ने संबंधित प्राधिकारियों से कहा है कि वे लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, टावर वैगन ऑपरेटर और ट्रैक मशीन ऑपरेटर के ड्राइविंग अभ्यास की जांच करें तथा लाल या पीले सिग्नल, ढलानों पर और स्वचालित ब्लॉक प्रणाली पर जहां दो सिग्नल के बीच की दूरी डेढ़ किलोमीटर के भीतर हो, ट्रेन को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता का पता लगाएं। प्राधिकारियों को चालक दल के योग्यता प्रमाणपत्रों की जांच करने और यह देखने का भी निर्देश दिया गया है कि उसमें शामिल सदस्य सभी गति प्रतिबंधों, सावधानी आदेशों, भार के हिसाब से ब्रेकिंग तकनीकों और ट्रैक मशीन ऑपरेटर तथा टावर वैगन ऑपरेटर के सड़क प्रशिक्षण मानक का सावधानीपूर्वक पालन कर रहे हैं या नहीं।

## हिमाचल प्रदेश: मानसूनी बारिश से दो सप्ताह में 43 लोगों की मौत, 37 लोग लापता

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में पिछले महीने मानसून की शुरुआत के बाद से बादल फटने, अचानक बाढ़ आने, भूस्खलन के कारण 43 लोगों की मौत हो गई और 37 लोग लापता बताये जा रहे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मानसून ने 20 जून को राज्य में दस्तक दी थी और तब से अब तक मौसम की मार से 5,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। अधिकारियों ने बताया कि 43 में से 14 लोगों की मौत बादल फटने, आठ लोगों की मौत अचानक बाढ़ में बह जाने और एक व्यक्ति की मौत भूस्खलन में हुई, जबकि सात लोग डूब गए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यहां संवाददाताओं से कहा



कि नुकसान करीब 700 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि विस्तृत जानकारी मिल रही है। सुक्खू ने राहत शिविरों में रह रहे परिवारों को घर के किराये के रूप में 5,000 रुपये प्रति माह देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मूसलाधार बारिश और सड़क दुर्घटनाओं में अब तक 69 लोगों की जान जा चुकी है, 110 लोग घायल हुए हैं और 37 लोग लापता हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। सुक्खू ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को व्यापक नुकसान से अवगत कराया है और शाह ने पूर्ण सहायता का वादा किया है।

## ईडी ने कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की 34 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की

**नयी दिल्ली/बेंगलुरु :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की 34 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विक्टोरिया लेआउट में एक आवास और बेंगलुरु के अर्कावती लेआउट में एक आवासीय भूखंड, तुमकुर में एक औद्योगिक भूखंड और अनेकल तालुक में एक कृषि भूमि को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जब्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इन संपत्तियों का कुल बाजार मूल्य लगभग 34.12 करोड़ रुपये है। संघीय जांच एजेंसी ने राव की कथित संलिप्तता वाले सोना तस्करी गिरोह के संबंध में सीबीआई और डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पीएमएलए मामला दर्ज किया था।



कन्नड़ अभिनेत्री राव को तीन मार्च को दुबई से आने के बाद बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, डीआरआई अधिकारियों ने अभिनेत्री को हिरासत में लिया और उनके कब्जे से 12.56 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 14.2 किलोग्राम सोना बरामद किया।

### बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया: 87 प्रतिशत मतदाताओं को मिले गणना फॉर्म

**नयी दिल्ली :** बिहार में 7.96 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 87 प्रतिशत को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए आंशिक रूप से पहले से भरे हुए गणना फॉर्म उपलब्ध कराए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य में लगभग 1.5 करोड़ घरों में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के पहले दौरे के दौरान फॉर्म वितरित किये गये। निर्वाचन आयोग ने कहा कि बीएलओ को लगभग 38 लाख फार्म प्राप्त हो चुके हैं, जो एकमात्र आदर्श वाक्य 'समावेश सर्वप्रथम' के साथ ईमानदारी से काम कर रहे हैं, जिस पर आयोग द्वारा बार-बार जोर दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि 24 जून, 2025 तक बिहार में पंजीकृत कुल 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) मतदाताओं में से 87 प्रतिशत से अधिक (6,86,17,932) को गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। इसने कहा, ''शेष मकानों पर ताला लगा हो सकता है या मृत मतदाताओं के हो सकते हैं या प्रवासियों के हो सकते हैं या यात्रा कर रहे लोगों के हो सकते हैं। क्योंकि, इस प्रक्रिया के दौरान बीएलओ मतदाताओं के घरों में तीन बार जाएंगे, इसलिए इन आंकड़ों में और वृद्धि होने की संभावना है।''

### मराठी को लेकर मारपीट : मनसे के सात कार्यकर्ता हिरासत में

**मुंबई :** राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के सात कार्यकर्ताओं को मराठी न बोलने पर एक दुकान मालिक के साथ मारपीट करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद आरोपियों को जाने दिया गया। यह घटना मंगलवार को ठाणे जिले के भयंदर इलाके में हुई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए हमले के वीडियो में कुछ हमलावर मनसे के चुनाव चिह्न वाले पटके पहने दिखाई दे रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने पहले बताया था कि खाना खरीदते समय एक आरोपी ने दुकान मालिक से मराठी में बात करने को कहा, जिस पर व्यक्ति ने उनसे सवाल किया। उन्होंने बताया कि इस पर जब एक आरोपी दुकानदार पर चिल्ला रहा था, तो उसके साथ मौजूद कुछ अन्य लोगों ने दुकानदार को थप्पड़ मारे। इसके बाद काशिमीरा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत मनसे के सात कार्यकर्ताओं के खिलाफ दंगा, धमकी और मारपीट का मामला दर्ज किया।

## महाराष्ट्र : मराठी नहीं बोलने वाले दुकानदार की पिटाई को लेकर भाजपा ने जताई आपत्ति

**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने मराठी में बात न करने पर एक 'हिंदू व्यक्ति' की मनसे समर्थकों द्वारा कथित तौर पर पिटाई करने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। नितेश राणे ने साथ ही सवाल किया कि क्या 'टोपी पहनने वाले' लोग अच्छी तरह से मराठी बोलते हैं। राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं द्वारा मुंबई के बाहरी इलाके भयंदर में मराठी में बात करने से कथित तौर पर इनकार करने वाले एक दुकानदार की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा नेता राणे ने शुक्रवार को विधानमंडल परिसर में कहा, 'एक हिन्दू व्यक्ति को पीटा गया...गरीब हिन्दुओं पर क्यों हमला किया जा रहा है? हिम्मत है तो नल बाजार या मोहम्मद अली रोड पर जाकर अपनी ताकत दिखाओ।' नल बाजार या मोहम्मद अली रोड दक्षिण मुंबई में मुख्यतः मुस्लिम बहुल इलाका है। मंत्री राणे ने कहा, 'क्या मोहम्मद अली रोड (इलाका) में दाढ़ी और टोपी वाले लोग शुद्ध मराठी बोलते हैं। क्या जावेद अख्तर या आमिर खान मराठी बोलते हैं।आपके पास उन्हें मराठी बोलने के लिए कहने का साहस नहीं है, लेकिन आप गरीब हिन्दुओं पर हमला कर रहे हैं।' राणे ने दावा किया कि हिंदी को लेकर विवाद हिन्दुओं को बांटने का एक प्रयास है। भाजपा नेता ने कहा, 'यह देश को इस्लामिक राज्य बनाने की साजिश है। लव जिहाद, लैंड जिहाद और अन्य हथकंडों के जरिए मुंबई में हिन्दुओं की संख्या कम करने की कोशिश की जा रही है।

## मप्र : मुख्यमंत्री ने 94,234 विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि हस्तांतरित की

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले प्रदेश के 94,234 विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए शुक्रवार को 25-25 हजार रुपये उनके खातों में हस्तांतरित किये और कहा कि अगले साल से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यहां के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत इन मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 235 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। उन्होंने मंच से 15 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप भी वितरित किए। इस अवसर पर



यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा मनुष्य के समग्र विकास की धुरी है और 'सबको शिक्षा' ही राज्य सरकार का विकास मंत्र है। उन्होंने कहा, ''हमारी सरकार ने प्रदेश के हर बच्चे तक शिक्षा का प्रकाश पहुंचाने के हरसंभव प्रयास किए हैं। केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि प्रतिभावान विद्यार्थियों को नयी तकनीक और नयी शिक्षा पद्धति से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखी जा रही है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप देकर सरकार प्रदेश का एक बेहतर और स्वर्णिम भविष्य गढ़ने जा रही है।

## अमरनाथ यात्रा के शुरुआती दो दिन में 20 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने मंदिर के दर्शन किए: सिन्हा



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा के पहले दो दिन के दौरान 20,000 से अधिक तीर्थयात्री गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा को लेकर पूरे केंद्र शासित प्रदेश में उत्सव और उत्साह का माहौल है। सिन्हा ने मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में बालटाल आधार शिविर में तीर्थयात्री निवास परिसर का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से कहा, अब तक मिली जानकारी के अनुसार, 20,000 से अधिक भक्त बाबा का दर्शन कर चुके हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी इस कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए। सिन्हा ने कहा, देश के विभिन्न कोनों से बाबा के भक्त यहां आ रहे हैं और जम्मू-कश्मीर के लोग खुले दिल से उनका स्वागत कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने यात्रियों के लिए सुविधाओं में सुधार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यात्रा के पहले दो दिनों में 26,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर के दर्शन किये। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 14,515 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये।

## चीन ने भारत-पाक संघर्ष को 'प्रयोगशाला' की तरह इस्तेमाल किया : उप सेना प्रमुख

**नयी दिल्ली :** चीन ने मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए चार दिवसीय सशस्त्र संघर्ष को विभिन्न हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए एक प्रयोगशाला की तरह इस्तेमाल किया और दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर दुश्मन को मारने की प्राचीन सैन्य रणनीति के अनुरूप, इस्लामाबाद को हरसंभव सहायता प्रदान की। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने शुक्रवार को यह बात कही। वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान जहां सिर्फ सामने नजर आ रहा था, वहीं चीन पर्दे के पीछे से अपने सदाबहार मित्र को हरसंभव सहायता दे रहा था, और तुर्किये भी इस्लामाबाद को सैन्य साजोसामान की आपूर्ति करके प्रमुख भूमिका निभा रहा था। उन्होंने कहा कि सात से 10 मई के बीच हुए संघर्ष के दौरान भारत वास्तव में कम से कम तीन शत्रुओं से निपट रहा था। उद्योग चैंबर 'फिक्की' द्वारा आयोजित नए दौर की सैन्य प्रौद्योगिकी पर एक संगोष्ठी में अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने सुझाव दिया कि चीन अपने उपग्रहों का उपयोग भारतीय सैन्य तैनाती की निगरानी के लिए कर रहा था, क्योंकि पाकिस्तानी सेना को डीजीएमओ (सैन्य अभियान महानिदेशक) स्तर की फोन वार्ता के दौरान इसके बारे में सीधी जानकारी मिल रही थी। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने चीन की 36 चालों की प्राचीन सैन्य रणनीति और दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर दुश्मन को मारने की रणनीति का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि बीजिंग ने भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान को हरसंभव समर्थन दिया। 'दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर' दुश्मन को मारने का मतलब है कि दुश्मन को पराजित करने के लिए, सीधे शामिल हुए बिना, किसी तीसरे पक्ष का इस्तेमाल करना, अर्थात, चीन ने पाकिस्तान को भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया। भारतीय सेना के क्षमता विकास और संधारण संबंधी कार्य देखने वाले उप सेना प्रमुख ने कहा कि इस्लामाबाद को बीजिंग का समर्थन आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि पाकिस्तानी सशस्त्र बलों का 81 प्रतिशत सैन्य साजोसामान चीन से आता है।

## मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है, गुकेश से हारने के बाद बोले कार्लसन

**जगरेब :** विश्व चैम्पियन डी गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैम्पियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी। कार्लसन ने हार के बाद 'टेक टेक टेक' से कहा ,'' ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। जब मैं खेल रहा हूं तो कोई प्रवाह नहीं लग रहा। मेरा खेल लगातार खराब हो रहा है।'' उन्होंने गुकेश के बारे में कहा ,''वह शानदार खेल रहा है। अभी टूर्नामेंट काफी लंबा है लेकिन लगातार पांच मैच जीतना कोई छोटी बात नहीं है।''

## नाओमी ओसाका का सफर विम्बलडन के तीसरे दौर में खत्म

**लंदन :** पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका शुक्रवार को अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-4 से हार के साथ ही विम्बलडन के तीसरे दौर से बाहर हो गयी। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका की मौजूदा रैंकिंग में 50वें स्थान है। उन्होंने अपने सभी ग्रैंड स्लैम खिताब हार्ड कोर्ट (यूएस ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन दोनों में दो-दो बार) पर हासिल किए है। ओसाका इस साल ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पिछले चार में से तीन मैच हारकर पहुंची थीं और उनका करियर रिकॉर्ड वहां 5-4 का था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 और 2018 में तीसरे दौर में पहुंचना था। उन्होंने 2021, 2022 और 2023 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। पाव्लुचेंकोवा तीसरे सेट में 4-ऑल से मैच के अंतिम 10 में से आठ अंक भुनाने में सफल रही।

# भारत ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन बनाये, बढ़त 244 रन तक पहुंची



**बर्मिंघम :** भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन बनाकर इंग्लैंड के खिलाफ अपनी बढ़त 244 रन की कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय लोकेश राहुल 28 और करुण नायर सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने इस दौरान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (28 रन) का विकेट जोश टंग की गेंद पर गंवाया। इससे पहले जेमी स्मिथ (नाबाद 184) और हैरी ब्रुक (158) की बड़ी शतकीय पारियों और दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 303 रन की साझेदारी के बाद भी इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गयी। भारत ने नयी गेंद मिलने के बाद इंग्लैंड के आखिरी पांच विकेट 22 रन के अंदर चटका दिये। इंग्लैंड के छह बल्लेबाजी खाता खोले बगैर आउट हुए। भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने 70 रन देकर छह विकेट जबकि आकाश दीप ने 88 रन देकर चार विकेट लिये। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाये थे।

### इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमटी, सिराज ने छह विकेट लिये

मोहम्मद सिराज (70 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (88 रन पर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां इंग्लैंड की पहली पारी को 407 रन पर समेट दिया। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाये थे जिससे उनके पास 180 रन की बढ़त है। इंग्लैंड के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने नाबाद 184 रन की पारी खेलने के साथ ही तीसरे विकेट के लिए हैरी ब्रुक के साथ 303 रन की साझेदारी कर मैच में इंग्लैंड की मैच में वापसी कराई। स्मिथ ने 207 गेंद की नाबाद पारी में 21 चौके और चार छक्के लगाये। ब्रुक ने अपने 234 गेंद की पारी में एक छक्का और 17 चौके लगाये। भारत ने नयी गेंद लेने के बाद 20 रन के अंदर इंग्लैंड के आखिरी पांच विकेट झटक लिये। जिससे दिन के आखिरी सत्र में टीम की पारी खत्म हुई। इंग्लैंड के छह बल्लेबाज खाता खोले बगैर पवेलियन लौटे।

## कोहली ने जो अकेले किया, गिल, पंत और जायसवाल भारत को उसी तरह आगे ले जा सकते हैं: वॉन

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि विराट कोहली की अनुपस्थिति में भारतीय टेस्ट टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को मिलकर उठानी होगी। वॉन ने कहा कि कोहली ने अपने समय में अकेले ही यह जिम्मेदारी उठाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारतीय बल्लेबाजी क्रम कोहली और रोहित शर्मा की अनुप-स्थिति में आराम से आगे बढ़ रहा है। लेकिन वॉन ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि अच्छी शुरूआत का यह मतलब नहीं है कि काम पूरा हो गया है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने वॉन ने कहा, ''गिल, जायसवाल और पंत को भारतीय टेस्ट टीम को उसी तरह आगे ले जाना होगा जैसा विराट कोहली अकेले करते थे। मैं देख रहा हूं कि इनका ग्रुप सही तरीके से खेल रहा है।'' उन्होंने कहा, ''इनके पास शानदार मौका है कि वे उसी तरह



ही विरासत छोड़े जैसा विराट कोहली भारतीय टेस्ट टीम के लिए छोड़कर गए हैं। अगर ये खिलाड़ी नंबर एक टेस्ट टीम का दर्जा दिलाने वाली कोहली की ऊर्जा और इतने लंबे समय तक पड़े उनके प्रभाव के करीब भी पहुंच सके तो उनका काम अच्छा होगा।'' कोहली और रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट से संन्यास की घोषणा की और वॉन ने कहा कि भारत में हमेशा ही प्रतिभा की भरमार रहेगी लेकिन कोहली जैसे खिलाड़ी को पाना आसान नहीं है। वॉन ने कहा, ''आप दो महान खिलाड़ियों के संन्यास लेने या टीम से बाहर जाने के बाद आप अचानक आगे नहीं बढ़ सकते। शुभमन ने कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर शानदार शुरुआत की है। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। बल्लेबाजी के मामले में मुझे नहीं लगता कि टीम को बहुत संघर्ष करना पड़ेगा।'' उन्होंने कहा, ''यह वह प्रतिस्पर्धी ऊर्जा है जो विराट टेस्ट टीम में लेकर आए। वह वो जज्बा और उत्साह लेकर आए जिसकी आपको जरूरत होती है। वह रणनीतिक रूप से भी बहुत अच्छे थे। हालांकि कप्तान के तौर पर शुभमन इसमें बेहतर हो सकते हैं।'' प्रतिभाओं की गहराई को देखते हुए वॉन को उम्मीद है कि भारत टेस्ट क्रिकेट में दबदबा बनाएगा, जो वह तीन चक्र में दो डब्ल्यूटीसी (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप) फाइनल में पहुंचने के बावजूद नहीं कर पाया है। उन्होंने कहा, ''भारतीय टेस्ट टीम के बारे में मैं ज्यादा चिंतित नहीं हूं क्योंकि यह टीम बहुत प्रतिस्पर्धी है। मैं चाहूंगा कि बस टीम ज्यादा निरंतर रहे। भारत में जितनी प्रतिभा है, उसे देखते हुए मैं चाहूंगा कि टीम विभिन्न क्षेत्रों अधिक प्रतिस्पर्धी रहे।''

## डूरंड कप फुटबॉल 23 जुलाई से, 24 टीमें हिस्सा लेंगी

**नयी दिल्ली :** एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 134वें चरण में कुल 24 टीमें खिताब हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी जो 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों में खेला जाएगा। इन 24 टीमों को छह ग्रुप में रखा जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में खेला जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में भारतीय सेना द्वारा आयोजित टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान, भारतीय सेना के प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, ''खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी ताकत होती है। भारत में ये राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ताकतवर साधान रहे हैं। ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे डूरंड कप ट्रॉफी के अनावरण की इस परंपरा में शामिल होने पर खुशी हो रही है। यह एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है जिसमें शीर्ष टीमें भाग लेती हैं। इस साल यह पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में आयोजित किया जाएगा जहां फुटबॉल संस्कृति की पहचान है। इस टूर्नामेंट को बरकरार रखने के लिए सशस्त्र बलों को बधाई।''

## नीरज चोपड़ा क्लासिक : दो बार के ओलंपिक पदक विजेता को भारत में भाला फेंक क्रांति की उम्मीद

**बेंगलुरु :** तीन ओलंपिक भाला फेंक पदक विजेताओं नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर और जूलियस येगो के साथ बैठे हुए सचिन यादव काफी उत्साहित दिख रहे थे लेकिन चमचमाते मंच पर देश के स्टार की मौजूदगी ही काफी अहमियत रखती है। यह चोपड़ा के उस ख्वाब की ताबीर है जिसमें वह भाला फेंक को पूरे देश में हर घर तक पहुंचाना चाहते हैं। इस लिहाज से शनिवार को होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक भारत में मोंडो क्लासिक के बराबर हो सकती है जो विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक चैंपियन अर्मांडो डुप्लांटिस द्वारा स्वीडन में अपने गृहनगर उप्साला में होने वाला पोल वॉल्ट टूर्नामेंट है। डुप्लांटिस अपने ही विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की



इच्छा से प्रेरित रहते हैं और अभी तक 15 दफा ऐसा कर चुके हैं। लेकिन चोपड़ा की महत्वकांक्षा इससे बड़ी है। चोपड़ा भारतीय भाला फेंक खिलाड़ियों की अगली पीढी को प्रेरित करने के अपने विचार पर बात करते हुए भावुक हो गए और उन्होंने कहा, ''सबसे पहले मैं जूलियस, थॉमस और भारत के सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। सभी मेरे अच्छे दोस्त हैं और यहां आने के लिए आपका शुक्रिया। आखिरकार हम इतने महान भाला फेंक खिलाड़ियों के साथ यहां बैठे हैं। मैं बहुत खुश हूं कि भारत में इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है।'' उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मेजबान देश का प्रतिनिधित्व भी अच्छा रहे जिससे उनके और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन के अलावा रोहित यादव, साहिल सिल्वाल और यशवीर सिंह इसमें खेलेंगे। ये सभी युवा भारतीय भाला फेंक एथलीट जर्मनी के 2016 ओलंपिक पदक विजेता रोहलर से आंतरिक रूप से जुड़े हुए हैं क्योंकि उन्होंने उनके लोकप्रिय यूट्यूब चैनल से काफी गुर सीखे हैं।

## भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम के नये कोच के लिये आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने खराब फॉर्म से जूझ रही पुरूष टीम के नये मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और आवेदन करने की आखिरी तारीख 13 जुलाई है। स्पेन के मानोलो मारकेज के जाने के बाद नये कोच की तलाश शुरू की गई। मारकेज ने एआईएफएफ के साथ आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। वह पिछले साल ही टीम से जुड़े थे। एआईएफएफ ने अपनी वेबसाइट पर लिखा ,'' सीनियर पुरूष राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच एआईएफएफ महासचिव को रिपोर्ट करेगी और सभी मैचों और टूर्नामेंटों में टीम के प्रदर्शन के लिये जवाबदेह होगा।'' इसमें कहा गया ,'' मुख्य कोच राष्ट्रीय टीम विभाग, राष्ट्रीय टीम निदेशक और



तकनीकी निदेशक के साथ मिलकर काम करेगा।'' इसके लिये युवा और सीनियर स्तर पर दस से 15 साल कोचिंग का अनुभव जरूरी है। लचीले, कुशल और संसाधन संपन्न होने की सामान्य आवश्यकताओं के अलावा एआईएफएफ यह भी चाहता है कि अगले कोच को संबंधों के प्रबंधन में अच्छा अनुभव हो, जरूरतों को समझने, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और मीडिया और प्रायोजकों सहित एआईएफएफ भागीदारों के साथ काम करने का अनुभव हो।



## पंजाब एंड सिंध बैंक को मिला 'टॉप इम्प्रूवर अवार्ड'

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बृहस्पतिवार को 'टॉप इम्प्रूवर अवार्ड से सम्मानित किया गया। बैंक ने बयान में बताया कि मुंबई में 'ईज 7.0 साइटेशन' कार्यक्रम में वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) स्वरूप कुमार साहा, कार्यकारी निदेशक राजीव और महाप्रबंधक मनोज कुमार को यह पुरस्कार प्रदान किया। यह कार्यक्रम भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा 'उन्नत पहुंच एवं सेवा उत्कृष्टता' (ईएएसई) सुधार एजेंडे के अंतर्गत उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए आयोजित किया गया था। बैंक ने कहा कि यह पुरस्कार डिजिटल परिवर्तन, ग्राहक सेवा और परिचालन दक्षता में बैंक की महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है।

## सोना 600 रुपये टूटा, चांदी 1,000 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली :** स्टॉकिस्ट की ताजा बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये घटकर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 99,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा संघ के मुताबिक, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये घटकर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले बाजार बंद में यह 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक, कमोडिटीज, सौमिल गांधी ने कहा, ''शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई क्योंकि अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल उम्मीद से बेहतर अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों आने के बाद बढ़े।'' उन्होंने कहा, ''मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद को कम किया है। इससे सोने की कीमतों को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित किया।''

# समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं, राष्ट्र हित सबसे ऊपर: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत समयसीमा के आधार पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है और अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को तभी स्वीकार करेगा जब यह पूरी तरह अंतिम रूप ले लेगा, ठीक से संपन्न होगा और राष्ट्रहित में होगा। गोयल ने यहां संवाददाताओं से यह भी कहा कि भारत यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, अमेरिका, चिली और पेरू सहित विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह एफटीए तभी संभव है जब यह दोनों पक्षों के लिए



फायदेमंद हो। गोयल ने कहा, राष्ट्रीय हित हमेशा सबसे ऊपर होना चाहिए। इसे ध्यान में रखते हुए यदि कोई समझौता होता है तो भारत विकसित देशों के साथ करार करने के लिए हमेशा तैयार है। अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता नौ जुलाई तक हो पाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा, भारत कभी भी समयसीमा या निर्धारित समय के आधार पर कोई व्यापार समझौता नहीं करता है। जब समझौता अच्छी तरह हो जाएगा, पूरी तरह से अंतिम रूप ले लेगा और देश के हित में होगा, तभी हम इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल व्यापार वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की कोई योजना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले उत्पादों पर दो अप्रैल को 26 प्रतिशत का अतिरिक्त जवाबी शुल्क लगा दिया था।

### खिलौना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए योजना जल्द

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि देश में खिलौना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक योजना को उद्योग के साथ परामर्श के बाद जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खिलौना विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। गोयल ने यहां भारतीय खिलौना संघ (टीएआई) के आयोजन 'टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी एक्सपो 2025' का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, ''खिलौना उत्पादन के लिए, हम जल्द ही एक योजना ला रहे हैं।''

## आदित्यनाथ ने किया आम महोत्सव का उद्घाटन

**किसानों को साल में एक अतिरिक्त फसल उगाने की सलाह**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में तीन दिवसीय आम महोत्सव का उद्घाटन किया और किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए हर साल एक अतिरिक्त फसल उगाने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''आम महोत्सव जैसे मंच न केवल उत्सव होते हैं, बल्कि वे खरीदारों, विक्रेताओं, वैज्ञानिकों और किसानों को आपसी लाभ के लिए ज्ञान और अनुभवों का आदान-प्रदान करने का मौका भी देते हैं।'' उन्होंने किसानों को साल में एक अतिरिक्त फसल लेने की सलाह देते हुए कहा, ''औरैया जैसे क्षेत्रों में किसान आधुनिक तरीकों से सालाना तीन फसलें आलू, मक्का और फिर धान उगा पा रहे हैं।'' आदित्यनाथ ने कहा, ''एक किसान ने एक एकड़ मक्का से एक लाख रुपये का मुनाफा कमाया। यही उन्नत कृषि की ताकत है।'' मुख्यमंत्री ने किसानों को बागवानी और अच्छी कीमत दिलाने वाली फसलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, ''खेती में प्रगति का मतलब राज्य और देश की प्रगति है। जब किसान समृद्ध होंगे, तो विकसित भारत का सपना साकार हो जाएगा।'' आदित्यनाथ ने राज्य के भीतर कृषि उन्नति में क्षेत्रीय असमानताओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीक अपनाई है और वे अच्छा मुनाफा कमा रहे है, लेकिन बुंदेलखंड या पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए पहले ऐसा नहीं कहा जा सकता था।''

## इंडिगो ने ग्रुप बुकिंग मंच के लिए इन्फिनिटी सॉफ्टवेयर से हाथ मिलाया

**मुंबई :** विमानन कंपनी इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि उसने 'ग्रुप बुकिंग' के लिए एक उन्नत राजस्व प्रबंधन मंच की तैनाती के लिए यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फिनिटी सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस के साथ साझेदारी की है। इंडिगो ने कहा कि बुकिंग प्रक्रिया को सरल और सुव्यवस्थित करते हुए अधिक बोझ को संभालने के लिए बनाया गया यह मंच दक्षता में सुधार करता है, प्रतिक्रिया समय को तेज करता है और समूह में यात्रा के अनुरोधों को बेहतर ढंग से संभालता है। विमानन कंपनी ने कहा कि समूह में यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए इन्फिनिटी सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस का यह 'क्लाउड-नेटिव' समाधान अब इंडिगो के परिचालन ढांचे में सहज रूप से एकीकृत हो गया है। इंडिगो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (योजना व राजस्व प्रबंधन) अभिजीत दासगुप्ता ने कहा, ''इन्फिनिटी के साथ सहयोग और 'ग्रुपआरएम' को अपनाकर हम न केवल अपनी समूह बुकिंग प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर रहे हैं बल्कि हम अपने समूह ग्राहकों के साथ संवाद और उन्हें सेवाएं देने के तरीके को भी बुनियादी रूप से बेहतर बना रहे हैं।''

## कोयला खदान परिचालकों ने खदान क्रमिक रूप से बंद करने पर 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए: सचिव

**हैदराबाद :** देश में कोयला खदान परिचालकों ने पिछले तीन वर्षों में खदानों को क्रमिक रूप से बंद करने पर लगभग 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खान मंत्रालय के सचिव वी एल कांता राव ने 'विश्व खनन कांग्रेस' (आईएनसी डब्ल्यूएमसी) की भारतीय राष्ट्रीय समिति को संबोधित करते हुए कहा कि जब गैर-कोयला क्षेत्र की बात आती है, तो भारतीय खान ब्यूरो के महानियंत्रक यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी 1,200 खदानें क्रमिक रूप से बंद किए जाने की गतिविधियां संचालित कर रही हैं।

## भारत वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक दक्षिण की सामूहिक कार्रवाई के पक्ष में: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कई अर्थव्यवस्थाओं में राजकोषीय बाधाओं और भू-राजनीतिक गतिशीलता से उत्पन्न अनिश्चितताओं से निपटने के लिए 'वैश्विक दक्षिण' द्वारा निर्णायक सामूहिक कार्रवाई की जरूरत बतायी। उन्होंने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 'नव विकास बैंक' (एनडीबी) के संचालक मंडल के वार्षिक बैठक में 'विकास को प्रोत्साहन: वैश्विक दक्षिण के लिए बहुपक्षीय विकास बैंक के माध्यम से नवाचार, सहयोग और प्रभाव को बढ़ावा' विषय पर अपने संबोधन में यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि यह बैठक वैश्विक दक्षिण के लिए एक निर्णायक क्षण में हो रही है, क्योंकि दुनिया कई अर्थव्यवस्थ-





ाओं में राजकोषीय बाधाओं, जलवायु परिवर्तन के मुद्दों और विकसित भू-राजनीतिक गतिशीलता से उत्पन्न कई अनिश्चितताओं से जूझ रही है। उन्होंने कहा, इन चुनौतियों के जवाब में, हमारी सामूहिक कार्रवाई निर्णायक, समावेशी और दूरदर्शी होनी चाहिए। नव विकास बैंक (एनडीबी) की स्थापना ब्रिक्स देशों के समूह ने की है। उन्होंने कहा कि एमडीबी इन अनिश्चितताओं से निपटने में हमारे प्रयासों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीतारमण ने कहा, एमडीबी के पास तकनीकी विशेषज्ञता, रियायती वित्तपोषण और जोखिम से निपटने के प्रभावी उपायों के जरिये सार्वजनिक और निजी, दोनों निवेशों को गति देने की क्षमता है। इससे हमारे पास नीति विकल्प बढ़ जाते हैं।'' वित्त मंत्री ने कहा कि इस संदर्भ में एनडीबी एक प्रमुख साझेदार के रूप में उभरा है। यह विकास वित्त को दिशा दे रहा है, मजबूत बुनियादी ढांचे का समर्थन कर रहा है और व्यावहारिक और उत्तरदायी दृष्टिकोण के माध्यम से वैश्विक दक्षिण में सार्थक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

## माइक्रोसॉफ्ट ने 25 साल बाद पाकिस्तान में अपना कार्यालय बंद किया

**कराची :** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने कार्यबल में कटौती की अपनी वैश्विक रणनीति के तहत पाकिस्तान में अपने सीमित परिचालन को बंद करने की घोषणा की है। शुक्रवार को विभिन्न पक्षों ने इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए 'चिंताजनक संकेत' बताया। माइक्रोसॉफ्ट ने 25 साल बाद बृहस्पतिवार को पाकिस्तान में अपना कार्यालय बंद करते हुए वैश्विक पुनर्गठन और क्लाउड-आधारित, साझेदार-नेतृत्व वाले मॉडल में बदलाव का हवाला दिया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब इस माइक्रोसॉफ्ट ने 2023 के बाद से अपने सबसे बड़े छंटनी दौर में दुनिया भर में लगभग 9,100 नौकरियों (कार्यबल का लगभग चार प्रतिशत) में कटौती की है। माइक्रोसॉफ्ट पाकिस्तान के पूर्व संस्थापक प्रबंधक जवाद रहमान ने सरकार और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री से एक साहसिक केपीआई (मुख्य प्रदर्शन संकेतक) संचालित योजना के साथ तकनीकी दिग्गजों के साथ जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कंपनी का देश से बाहर निकलना मौजूदा कारोबारी माहौल को दर्शाता है।

## बैंक शेयरों के दम पर शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 193 अंक चढ़ा

**मुंबई :** बैंक शेयरों में खरीदारी और अमेरिकी बाजारों में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 193 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 56 अंकों की बढ़त रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के अंत में 193.42 अंक यानी 0.23 प्रतिशत बढ़कर 83,432.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 83,477.86 अंक के ऊपरी और 83,015.83 अंक के निचले स्तर तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 55.70 अंक यानी 0.22 प्रतिशत बढ़कर 25,461 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त में रहे। दूसरी



तरफ, ट्रेंट, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, कारोबारी सत्र के पहले हिस्से में बाजार का रुख नकारात्मक रहा लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली आने से स्थिति बेहतर हुई और सूचकांक चढ़कर बंद हुए। अब सबकी नजरें भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर लगी हुई हैं। मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.23 प्रतिशत की तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मालकैप सूचकांक 0.17 प्रतिशत चढ़ गया।

वर्ष 10, पूर्णांक 3287 अंक 097, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in